नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 259 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, गुरुवार 28 जुलाई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर

भौतिकी व जंतु विज्ञान संकाय में सीट बढ़ाने की मांग



अलका पटेल ने दसवीं कक्षा में प्राप्त किया 98.4 प्रतिशत अंक

पेज -8 पर

सोनिया गांधी से पूछताछ का कांग्रेसियों ने किया विरोध

## बैलों को ED और CBI बनाकर सड़क पर घुमाया

रायपुर। नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ को लेकर कांग्रेस का सत्याग्रह और प्रदर्शन जारी है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में यूथ कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया।



कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बैल को ईडी-सीबीआई बनाकर सड़क पर उतार दिया। बैलगाड़ी को कांग्रेस के पदाधिकारी हाकते रहे। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के मुखौटा भी पहन रखा था। इससे यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के इशारों पर ईडी और सीबीआई चल रही है। इस दौरान कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की।

बता दें कि नेशनल हेराल्ड केस में 90 करोड़ के लेन-देन, नेशनल हेराल्ड की प्रापर्टी यूथ इंडिया कंपनी में ट्रांसफर, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी कैसे बनी, 50 लाख में करोड़ों रुपये के शेयर कैसे ट्रांसफर हो गए जैसे बातों को लेकर प्रवर्तन निदेशालय कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ रही है। इससे पहले राहुल गांधी से पूछताछ की गई थी। ईडी की पूछताछ का कांग्रेस विरोध कर रही है। कांग्रेस केंद्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग का आरोप लगा रही है। इसे लेकर देश की राजधानी दिल्ली से लेकर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता आंदोलन कर रहे हैं। बिलासपुर में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने ईडी और सीबीआई को केंद्र सरकार का बैल बताया और नेहरू चौक में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## रायपुर में आंबेडकर प्रतिमा के पास कांग्रेस का धरना

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस नेताओं ने कलेक्ट्रेट के नजदीक डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के पास धरना दिया। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस के लोग महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास सत्याग्रह पर बैठे थे। रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे और रायपुर नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे की अगुवाई में कांग्रेसी नेता दोपहर में आंबेडकर प्रतिमा के पास इकट्ठा हुए और कांग्रेसी वहीं धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने हाथ में तख्तियां ले रखी थीं, उस पर ED सरकार की पिट्ठू है। केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग बंद करो और सत्यमेव जयते आदि लिखा हुआ था। एक दिन पहले कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने ईडी दफ्तर के बाहर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का बैनर व पोस्टर लगा दिया था।

विधानसभा में हसदेव को बचाने का संकल्प पारित

## केंद्र सरकार से अरण्य में आवंटित कोल ब्लॉक रद्द करने की मांग, सीएम बोले-सरकार का समर्थन

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने मंगलवार को हसदेव के जंगलों का बचाने का संकल्प सर्व सम्मति से पारित किया। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के विधायक धर्मजीत सिंह की ओर से अशासकीय संकल्प में केंद्र सरकार से मांग की गई है कि वह हसदेव अरण्य क्षेत्र में आवंटित सभी कोल ब्लॉक को रद्द करे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जनभावनाओं को देखते हुए सरकार इस संकल्प का समर्थन करती है।




संकल्प पेश करते हुए विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, छत्तीसगढ़ में 57 हजार मिलियन टन कोयले का भंडार है। इसमें से केवल 158 मिलियन टन का उत्पादन ही प्रतिवर्ष हो रहा है। इसे बढ़ाकर 500 मिलियन टन प्रतिवर्ष भी कर देंगे तब भी अगले 50 सालों तक केवल 25 हजार मिलियन टन कोयला ही खोद पाएंगे। इसमें 13 हजार मिलियन टन कोयला भंडार हसदेव और मांड नदी के कैचमेंट क्षेत्र के आसपास स्थित है।

वहां घना जंगल है। इसमें से भी 5 मिलियन टन कोयला भंडार, मिनी माता बांगो डैम के कैचमेंट एरिया में आता है। यह छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण बांध के जीवन से जुड़ा है। इससे 6 लाख एकड़ से अधिक क्षेत्र में सिंचाई होती है। वर्तमान में हसदेव क्षेत्र में पांच ऐसे कोल ब्लॉक हैं जहां खनन नहीं हो रहा है। इनमें परसा और केते एक्सटेंसन दोनों राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को आवंटित हैं।

गिदमुड़ी और पतुरिया को छत्तीसगढ़ पावर जेनरेशन कंपनी को दिया गया है। मदनपुर साउथ आंध्र प्रदेश मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को आवंटित है।

### एक नजर

#### मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को हरेली तिहार की दी बधाई और शुभकामनाएं



रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को हरेली तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दी है। हरेली की पूर्व संध्या पर आज यहां जारी अपने शुभकामना संदेश में श्री बघेल ने कहा है कि हरेली छत्तीसगढ़ के जन-जीवन में रचा-बसा खेती-किसानी से जुड़ा पहला त्यौहार है। इसमें अच्छी फसल की कामना के साथ खेती-किसानी से जुड़े औजारों की पूजा की जाती है। इस दिन धरती माता की पूजा कर हम भरण पोषण के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं।

#### हरेली तिहार में गुड़ के चीले का भोग

रायपुर। अपनी मेहनत से उपजी हरियाली के त्योहार को हरेली तिहार के रूप में मानना हमारे संस्कार रहे हैं। कृषि युग से ले कर आज तक हरियाली, हमारे तन-मन में छायित है। प्रकृति चक्र के मुताबिक ज्येष्ठ वैशाख की चिलचिलाती गर्मी में जब आषाढ़ की शीतल बूंदें गिरती है, तब मिट्टी की सौंधी सुगंध को मन में बसाए लोग हरियाली की कल्पना में डूब जाते हैं। वैसे तो वैशाख का अक्ती(अक्षय तृतीया), आषाढ़ का रजुतिया(रथयात्रा) और श्रावण मास का हरेली, किसान, मजदूर और पौनी-पसारी के प्रमुख त्योहार प्रतीत होते हैं।

## रायपुर से लापता व्यवसायी का शव कुम्हारी खारून नदी में मिला

रायपुर। राजधानी रायपुर से गत 25 जुलाई से लापता व्यापारी का शव बुधवार को कुम्हारी थानाक्षेत्र के ग्राम अकोला स्थित खारून नदी में मिला है। परिजनों ने व्यापारी की गुमशुदगी की रिपोर्ट डीडी नगर थाने में दर्ज करवाई थी। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को कुम्हारी थानाक्षेत्र के ग्राम अकोला में खारून नदी पर एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। जिसकी पहचान के लिए सोशल मिडिया में उसकी तस्वीर वायरल की गई थी। जिसे देखकर मृतक के भाई व दोस्त थाने पहुंचे व अस्पताल जाकर मृतक की पहचान रायपुर के कपड़ा व्यापारी अजय थावरानी के रूप में की।

हरेली से मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा की होगी शुरूआत

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हरी झंडी दिखाकर महतारी न्याय रथ को करेंगे रवाना

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की पहल पर हरेली पर्व से प्रदेश की महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों और कानूनों की जानकारी देकर जागरूक करने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा की शुरूआत की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल हरेली के दिन मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

यह रथ सभी जिलों में भ्रमण कर लोगों को शॉर्ट फिल्मों, संदेशों और ब्रोशर के माध्यम से महिलाओं के कानूनी प्रावधानों और उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में अवगत कराएगा।



मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा राज्य महिला आयोग के माध्यम से संचालित की जाएगी। प्रत्येक महतारी न्याय रथ में 2 अधिवक्ता भी होंगे, जो महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उन्हें जानकारी और सलाह देंगे। न्याय रथ के माध्यम से महिलाएं आवेदन भी दे सकेंगी, जिससे महिला आयोग द्वारा उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। एक बड़ी एलईडी स्क्रीन होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ी और हिंदी भाषा में विभिन्न कानूनों संबंधित राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत लघु फिल्में दिखाई जाएंगी। महतारी न्याय रथ के संचालक के लिए प्रदेश सरकार ने डीएमएफ पॉलिसी में विशेष रूप से बदलाव किए हैं। न्याय रथ के संचालन के लिए जिले को मिलने वाली डीएमएफ राशि का उपयोग किया जाएगा। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि शिक्षित, अशिक्षित, गृहणी, नौकरी कर रही सभी महिलाओं को महिला आयोग के कार्यों और महिलाओं के लिए बनाए गए कानूनों, नियमों और उनके अधिकारों को जानना बहुत जरूरी है। इसके लिए हरेली तिहार से मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ की शुरूआत की जा रही है। इन महतारी न्याय रथों के माध्यम से लोगों को बताया जाएगा कि महिलाएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए और निःशुल्क तथा त्वरित न्याय पाने के लिए किस तरह सरलता और सुगमता से महिला आयोग में आवेदन कर सकती हैं।

## रायपुर और भिलाई मिले मंकीपॉक्स के 2 संदिग्ध मरीज

सैंपल जांच के लिए पुणे भेजा गया, स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट




रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और इस्पात नगरी भिलाई में मंकीपॉक्स के 2 संदिग्ध मरीज मिलने से हड़कंप मच गया है। छत्तीसगढ़ में अभी मंकीपॉक्स जांच की सुविधा नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने उनका सैंपल लेकर जांच के लिए पुणे भेजा है। रायपुर के आंबेडकर अस्पताल में भर्ती 14 साल का बालक कांकेर जिले का निवासी है। उसकी कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। वहीं भिलाई का संदिग्ध मरीज हाल में ओमान से लौटा है। वह कोविड पॉजीटिव भी निकला है। मंकीपॉक्स के संभावित खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। मंगलवार को रायपुर और भिलाई में एक-एक संदिग्ध मरीज मिले हैं, जिसमें मंकीपॉक्स के लक्षण हैं। रायपुर में मिला बच्चा बच्चा कांकेर जिले के एक गांव का है।

## मुख्यमंत्री ने 'नई सोच - नई पहल छत्तीसगढ़ की सहकारिताएं' पुस्तिका का किया विमोचन

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज यहां विधानसभा परिसर के कार्यालय में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम और अध्यक्ष अपेक्स बैंक श्री बैजनाथ चंद्राकर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के विगत 3 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित स्मारिका ''नई सोच - नई पहल छत्तीसगढ़ की सहकारिताएं'' पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने इसके



प्रकाशन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसानों, ग्रामीणों तथा सहकारी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए यह पुस्तिका उपयोगी साबित होगी।

इस अवसर पर जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्ष सर्वश्री पंकज शर्मा, प्रमोद नायक, नवाज खान, जवाहर वर्मा, रामदेव तथा एमडी के.एस. कांडे, पुस्तिका के प्रकाशन में सहभागी अविनाश श्रीवास्तव, भूपेश चंद्रवंशी, अजय भगत, चंद्रप्रकाश, अभिषेक और प्रभाकर भी उपस्थित थे।

## कांग्रेस सरकार में सिर्फ़ जुमलेबाज़ी - बृजमोहन

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर बुधवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वार-पलटवार के साथ चर्चा हुई. बीजेपी विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने सरकार पर आक्रमण करते हुए कहा कि हमारे अविश्वास प्रस्ताव लाने के पहले एक मंत्री ने सरकार के ख़िलाफ़ अविश्वास जता दिया. सरकार में दम नहीं कि उस मंत्री को मंत्रिमंडल से बाहर निकाल दे. इस सरकार में सिर्फ़ जुमलेबाज़ी है.



शासन को प्रशासन पर विश्वास नहीं है. शासन पर जनता को विश्वास नहीं. इस दौरान उन्होंने कहा कि सच कोने में दुबका है, दरारों से झांक रहा है. झूठ मदमस्त होकर चौराहे पर नाच रहा है. इस पर मंत्री कवासी लखमा ने टोकते हुए कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है या कवि सम्मेलन चल रहा है. इस पर सत्तापक्ष के विधायक मोहन मरकाम ने सरकार की उपलब्धि गिनाने के साथ विपक्ष की खामियों को गिनाया. भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि ये कैसी सरकार है? ये सरकार ऐसा कुनबा है जहां लट्ठ चल रहे हैं. एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लग रहे हैं. मुख्यमंत्री को मंत्री, मंत्री को मुख्यमंत्री पर विश्वास नहीं है.

अग्रवाल ने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रदेश से 18 लाख लोगों की सिर से छत छिन जाती है. इस सरकार का ही मंत्री कहता है कि दस हज़ार करोड़ रुपए ग़रीबों के आवास के चले गए. हर गरीब आदमी का सपना होता है कि उसके सिर एक छत आ जाए. इससे बड़ा कोई पाप हो सकता है. 18 लाख लोगों के सिर से छत छिनने वाली सरकार पर अविश्वास ना जताए तो क्या करें? इस सरकार ने पौने दो लाख करोड़ रुपए का क़र्ज़ा लिया है. पीएसयू अंडरटेकिंग और राज्य शासन मिलाकर क़र्ज़ लिया गया.

मानसून सत्र

छत्तीसगढ़ में महंगी बिजली का करंट

## मुख्यमंत्री जी, आइना कैसे देख लेते हो- डॉ. रमन सिंह

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में विद्युत शुल्क संशोधन विधेयक पारित कर दिया गया है, जिससे बिजली उपभोक्ताओं को झटका लगने वाला है। बिजली दरों में वृद्धि को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भूपेश बघेल पर हमला बोला। उन्होंने अपने ट्विटर एकाउंट पर लिखा- मुख्यमंत्री जी, आइना कैसे देख लेते हो? बिजली बिल हाफ का वादा किया था, लेकिन पहले बिजली हाफ कर दी। प्रदेश में जनरेटरों की बिक्री बढ़ गई। अब एक बार फिर 3त्न से 7त्न तक बिजली महंगी कर दी। एक तरफ महंगाई के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं, दूसरी ओर बिजली बिल बढ़ाकर लोगों पर बोझ बढ़ा रहे हैं।



दरअसल, भूपेश बघेल सरकार ने विधानसभा में विद्युत शुल्क संशोधन विधेयक पारित किया। नए संशोधन होने के बाद घरेलू उपभोक्ता, गैर घरेलू उपभोक्ता से लेकर विभिन्न तरह के उद्योगों को दी जाने वाली बिजली शुल्क के एनर्जी चार्ज में वृद्धि की गई है। घरेलू कनेक्शन पर प्रति यूनिट एनर्जी चार्ज 8 प्रतिशत से बढ़कर 11 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं गैर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 12 प्रतिशत से बढ़कर 17 प्रतिशत कर दिया गया हैं। नये टैरिफ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है और इस तरह 11 प्रतिशत ऊर्जा प्रभार आम उपभोक्ताओं के बिजली बिल में जुड़कर आयेगा।

### भूपेश सरकार पर हमलावर है भाजपा

बिजली में वृद्धि को लेकर भाजपा के नेता भूपेश बघेल सरकार पर हमलावर है। विधानसभा में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रदेश सरकार को घेरा था। उन्होंने कहा कि एनर्जी चार्ज बढ़ाने से बिजली महंगी होगी। इससे जनता के ऊपर भार बढ़ेगा। पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह सरकार लूटमार में लगी है। सरकार कंगाल हो गई है। बिजली बिल हाफ योजना के नाम पर जनता को ठग रहे हैं।

बिजली की दर दूसरी बार बढ़ने जा रही है। 1300 करोड़ की छूट दे रहे हैं और 1000 हजार करोड़ रुपये की वसूली करेंगे। छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं पर महंगाई की और मार पड़ेगी। ऊर्जा प्रभार में वृद्धि-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा प्रभार 8त्न प्रतिशत से बढ़ाकर 11त्न किया गया। 3त्न की बढ़ोत्तरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए की गई। गैर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 12त्न प्रतिशत से बढ़ाकर 17त्न किया गया। सीमेंट उद्योग में 15त्न से बढ़ाकर 21त्न किया गया।

## कुलपति ने नवनिर्मित कॉलेज कैन्टीन का किया लोकार्पण

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने आज यहां कृषि महाविद्यालय रायपुर की सर्वसुविधायुक्त कॉलेज कैन्टीन का लोकार्पण किया। इस दो मंजिला कैन्टीन में लगभग 400 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। कॉलेज कैन्टीन में विभिन्न प्रकार के नाश्ते, लंच एवं डिनर की व्यवस्था की गई है। कैन्टीन भवन में भू-तल पर विद्यार्थियों के लिए भोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है। वहीं प्रथम तल पर कॉन्फ्रेंस हॉल एवं पार्टी हॉल की व्यवस्था की गई है, जहां शासकीय बैठकों, वर्कशॉप एवं कॉन्फ्रेंस में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए



भोजन एवं स्वलपाहार की व्यवस्था की जा सकती है। इस कैन्टीन में उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, चायनीज आदि विविध व्यंजनों के साथ ही रेडीमेड स्नैक्स, कोलड्रिंक आदि भी उपलब्ध रहेंगे। कॉलेज कैन्टीन शुरू होने से कृषि महाविद्यालय रायपुर तथा विश्वविद्यालय परिसर में स्थित अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा कार्यालयीन कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो गई है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुनिया को बताया- धरती की पूजा हमारी परंपरा

शपथ लेते ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वयं को संथाल और वनवासी बताते हुए जो बात कही, उसकी ओर दुनिया का ध्यान जाना बहुत जरूरी है। राष्ट्रपति ने कहा, मेरा जन्म तो उस जनजातीय परंपरा में हुआ है, जिसने हजारों वर्षों से प्रकृति के साथ ताल-मेल बनाकर जीवन को आगे बढ़ाया है। मैंने जंगल और जलाशयों के महत्व को अपने जीवन में महसूस किया है। हम प्रकृति से जरूरी संसाधन लेते हैं और उतनी ही श्रद्धा से प्रकृति की सेवा भी करते हैं।'



दुनिया पिछली सदी की तुलना में करीब डेढ़ डिग्री ज्यादा गर्म हो गई है। औद्योगिक क्रांति वाले पश्चिमी देशों ने अब प्रदूषण के कारकों पर नियंत्रण पाने की कवायद के तहत कभी तीसरी दुनिया माने जाते रहे देशों पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है।

प्रकृति की पूजा और उससे सामंजस्य भारतीय संस्कृति का आधार रहा है। भारतीय ग्रंथों में प्रकृति का जिस तरह चित्रण हुआ है, उससे स्पष्ट है कि भारतीयता की धारा प्रकृति से जुड़ाव के साथ ही पुष्पित-पल्लवित हुई है। उदारीकरण के तमाम झंझावातों के बावजूद भारतीय आदिवासी समाज अब भी प्रकृति-प्रेम के अपने पारंपरिक पाठ को भूल नहीं पाया है। वनवासी समुदाय के स्वभाव में ही है कि प्रकृति से उतना ही लो, जितना जरूरी है। बदले में उसकी सेवा भी करो और जरूरत पड़े, तो उसके लिए मर-मिटो। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चूंकि भारत की स्वाभिमानी संथाल समुदाय से आती हैं, लिहाजा उनकी रगों में भी यह अद्भुत प्रकृति-प्रेम लगातार बह रहा है। यही वजह है कि अपनी जिंदगी के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में भी उन्हें यह बात याद रही। महात्मा गांधी ने हिंद स्वराज में आजाद भारत में जिस समाज और व्यवस्था की कल्पना की थी, उसके मूल में भी प्रकृति प्रेम के ये विचार ही थे। उन्होंने अपने चिंतन और व्यवहार में जिस अपरिग्रह की बात की है, दरअसल वह प्रकृति से जरूरत भर हासिल करने के मूल विचार पर ही आधारित है।

राममनोहर लोहिया भी जब हिमालय बचाओ या नदियों की रक्षा की बात करते हैं, तो दरअसल वह भी भारतीयता की उसी वैचारिक धारा को अभिव्यक्त कर रहे होते हैं, जो प्रकृति पूजक है। यह भी संयोग है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जिस राजनीतिक धारा का प्रतिनिधित्व करती रही हैं, उसके वैचारिक पुरोधा दीनदयाल उपाध्याय का आर्थिक दर्शन भी अपरिग्रह और प्रकृति से सामंजस्य का हिमायती रहा है। दीनदयाल उपाध्याय ने अपने विख्यात एकात्म मानवदर्शन में कहा है कि गैर-जरूरी उपभोग के लिए अंधाधुंध उत्पादन बढ़ाकर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन गलत है।

ऐसा नहीं कि भारतीयता अपने इन पारंपरिक और अनमोल विचारों को भूल गई है। अंग्रेजी शासन की लूट-खसोट और भारत को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से रौंदने वाले विलायती दर्शन से जो व्यवस्था तैयार हुई, उसने भारतीयों को इस वैचारिक दर्शन से दूर करके रख दिया। यूरोप की औद्योगिक क्रांति ने दुनिया को उपभोग की जो राह दिखाई, उदारीकरण की वैचारिक धारा ने उसे चरम पर पहुंचा दिया। इसका वैश्विक स्तर पर दुष्प्रभाव दिखने लगा है।

दुनिया पिछली सदी की तुलना में करीब डेढ़ डिग्री ज्यादा गर्म हो गई है। औद्योगिक क्रांति वाले पश्चिमी देशों ने अब प्रदूषण के कारकों पर नियंत्रण पाने की कवायद के तहत कभी तीसरी दुनिया माने जाते रहे देशों पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। लेकिन इन देशों की दुविधा यह है कि उनके सामने अपने करोड़ों नागरिकों के जीवन-स्तर को उठाना अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। कार्बन उत्सर्जन के मामले में चीन जहां पहले नंबर पर है, वहीं भारत तीसरे स्थान पर है।

ऐसे में, अगर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाने के विचार को आगे बढ़ाने की बात करती हैं, तो वह दुनिया को संदेश दे रही हैं। संदेश यह कि प्रकृति का अंधाधुंध दोहन बंद हो, और प्रकृति के साथ जुड़ाव की परंपरा को राष्ट्रीय स्तर ही नहीं, वैश्विक स्तर पर बढ़ाया जाए। वह बताना चाहती हैं कि दुनिया उसी समाज के विचारों से आगे बढ़ सकती है, जिसे पिछड़ा और गंवार माना जाता रहा है।

उमेश चतुर्वेदी

## संपादकीय

### यूरोप को और झटका

यूरोपियन यूनियन के तहत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी हिलती दिख रही है। महंगाई और कर्ज के बढ़ते संकट के बीच इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी ने दो रोज पहले इस्तीफा दे दिया।

यूरोप में जर्मनी को 30 साल में पहली बार व्यापार घाटा हुआ है। महंगाई का आलम यह है कि अब ट्रेड यूनियनें वहां हड़ताल पर जाने की धमकी दे रही हैं। बिगड़ती अर्थव्यवस्था का असर फ्रांस में दिख चुका है, जहां राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पार्टी को संसदीय चुनाव में अपना बहुमत गंवाना पड़ा।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और एस्तोनिया की प्रधानमंत्री केजा कलास को हाल में इस्तीफा देना पड़ा। कलास ने नया गठबंधन बना कर फिर से सत्ता संभाली है। लेकिन देश राजनीतिक अस्थिरता में प्रवेश कर गया है। अब यूरोपियन यूनियन के तहत आने वाली तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी हिलती दिख रही है। महंगाई और कर्ज के बढ़ते संकट के बीच इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी ने दो रोज पहले इस्तीफा दे दिया। 74 वर्षीय द्राघी बैंकर हैं। 2008 के वित्तीय संकट के दौरान यूरो मुद्रा को बचाने का श्रेय उन्हें दिया जाता है। साथ ही इटली में आर्थिक स्थिरता लाने का श्रेय भी उन्हें रहा है। लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद पैदा हुए ऊर्जा संकट के बीच द्राघी के नेतृत्व वाले गठबंधन में फूट पड़ गई है। फिलहाल इटली के राष्ट्रपति सर्गियो मातारेला ने द्राघी का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। लेकिन राजनीतिक संकट दूर नहीं हुआ है। द्राघी के नेतृत्व वाले गठबंधन से फाइव-स्टार पार्टी अलग हो गई है। उसने द्राघी के आर्थिक सुधार कार्यक्रम को समर्थन देने से इनकार कर दिया है।

# कंगारू कोर्ट के दौर में सांविधानिक अदालतें, प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण की टिप्पणी के मायने

रिटायरमेंट के पहले सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण के कई बयानों ने बर्र के छत्ते को छेड़ दिया है। मुकदमों के बोझ से लदी न्यायपालिका के सामने कमजोर इन्फ्रास्ट्रक्चर, जजों की कमी और जजों की सुरक्षा पर उन्होंने चिंता जाहिर की। परंतु उनकी सबसे बड़ी बेचैनी सोशल मीडिया के माध्यम से चल रही कंगारू कोर्ट के बढ़ते प्रचलन पर है, जिससे अधिकांश जज त्रस्त चल रहे हैं। टीवी चैनलों और सोशल मीडिया में उत्तेजक बहसों से क्या न्यायपालिका पर दबाव पड़ता है




आजादी के बाद 75 सालों में न्यायपालिका के विकास को तीन हिस्सों में समझा जा सकता है। शुरुआती दौर में स्वतंत्र न्यायपालिका को आपातकाल में इंदिरा सरकार ने हस्तगत करने का प्रयास किया। उसके बाद गठबंधन सरकारों के दौर में कॉलेजियम की आड़ में जजों की नियुक्ति पर एकाधिकार हासिल कर लिया।

सेलिब्रिटीज और बड़े आपराधिक मामलों में मीडिया ट्रॉयल से क्या न्यायिक व्यवस्था प्रभावित होती है? अनेक चर्चित मामलों की सुनवाई और फैसलों से इन सवालों का जवाब हां में दिया जा सकता है। इसके बाद सबसे मौजूं सवाल यह है कि क्या न्यायपालिका से आम जनता की उम्मीदें धुंधली हो गई हैं? इस सवाल के जवाब के लिए नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सबसे अहम बयान पर गौर करना जरूरी है, जिसमें उन्होंने वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सबके प्रयास और सबके कर्तव्य का आवाहन किया है। आजादी के 75वें साल में देश के गणतंत्र और सांविधानिक व्यवस्था का लेखा-जोखा करना जरूरी है। इससे दो बातें साफ होती हैं। पहला-रिपोर्ट कार्ड में फेल विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री समेत किसी भी नेता को जनता पांच साल बाद खारिज कर सकती है। अफसरों के खिलाफ मुकदमा और बर्खास्तगी भी आम बात हो गई है। लेकिन न्यायपालिका अब भी औपनिवेशिक आग्रहों से घिरी है। इसकी वजह से संविधान की प्रस्तावना में जनता के कल्याण का सपना अधूरा है। आजादी के बाद 75 सालों में न्यायपालिका के विकास को तीन हिस्सों में समझा जा सकता है। शुरुआती दौर में स्वतंत्र न्यायपालिका को आपातकाल के दौरान इंदिरा सरकार ने हस्तगत करने का प्रयास किया। उसके बाद गठबंधन की सरकारों के दौर में न्यायपालिका ने कॉलेजियमप्रणाली की आड़ में जजों की नियुक्ति पर एकाधिकार हासिल कर लिया। तीसरा चरण 2015 से शुरू होता है, जब सुप्रीम कोर्ट ने एनजेएसी (राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग) कानून को रद्द कर दिया। फैसले में शामिल एक जज ने नियुक्ति व्यवस्था को सड़ांधपूर्ण बताते हुए, पेरस्त्रोइका और ग्लासनोस्त की तर्ज पर न्यायिक व्यवस्था में पुनर्निर्माण का आवाहन किया। कुछ सालों के बाद चार जजों की प्रेस कॉन्फ्रेंस और चीफ जस्टिस के खिलाफ महाभियोग के प्रस्ताव से यह साफ हो गया कि न्यायपालिका भयानक बवंडर के दौर से गुजर रही है। लॉकडाउन के बाद मुकदमों की ऑनलाइन सुनवाई के समानांतर सोशल मीडिया और टीवी में कंगारू कोर्टों में बुलडोजर न्याय की बहस से भी जजों पर भारी दबाव बन रहा है, जिसकी अभिव्यक्ति प्रधान न्यायाधीश के माध्यम से हुई है। सोशल मीडिया के फर्जी एकाउंट्स और आईटी सेलों के माध्यम से अदालती फैसलों के साथ चुनाव, सरकारी नीतियां, संसद के कानून, मीडिया का एजेंडा आदि भी निर्धारित होने लगा है। अभिव्यक्ति को सुरक्षित रखते हुए सोशल मीडिया के फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने का माकूल सिस्टम बने, तो लोकतंत्र के साथ देश का भी भविष्य निर्धारित होगा। सोशल मीडिया जनता की सामूहिक अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है, जिसमें न्यायिक व्यवस्था के सामने कई बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। पहला, जजों की नियुक्ति व्यवस्था को पारदर्शी और जनतांत्रिक बनाने के लिए ठोस सुधार। दूसरा, अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन पर अमल। तीसरा, उच्च न्यायालयों में स्थानीय भाषा का इस्तेमाल। चौथा, अदालतों की कार्यवाही के सीधे प्रसारण के लिए कानूनी व्यवस्था। पांचवां, जेलों में बंद कैदियों और विचाराधीन बंदियों की जल्द रिहाई।

विराग गुप्ता

## मिला जुला

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कार्यशाला में कोविड 19 टीकाकरण, पोषण, एनीमिया, बाल विवाह, शाला त्यागी बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना की अपील**

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित एकीकृत बाल विकास परियोजना छिंदगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का परियोजना अधिकारी के द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कोविड 19 टीकाकरण, पोषण, एनीमिया, बाल विवाह, शाला त्यागी बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना। परियोजना के 120 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समुदाय स्तर पर व्यवहार परिवर्तन लाने उनकी मैदानी स्तर में आने वाली चुनीतियों को समझकर समस्याओं के समाधान के लिए जागरूक किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम पंचायत के प्रत्येक मोहल्ले एवं समुदाय से जुड़ी होती है एवं जन कल्याणकारी कार्य करती है। इसलिए समुदाय में



जागरूकता लाने अहम भूमिका निभाती है।

### कोविड 19 टीकाकरण प्रीकासन डोज के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता

डीएमसी राजेश बघेल यूनिसेफ ने बताया कि शासन कोविड 19 जैसे माहमारी बीमारी के प्रति एवं टीकाकरण पात्र समस्त हितग्राहियों को शतप्रतिशत करने हर संभव प्रयास कर रही है। विशेष रूप से कलेक्टर हरीश एस के द्वारा जिले में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हितग्राहियों को प्रीकासन डोज लगाने समुदाय स्तर में प्रभावशाली व्यक्तियों के सहयोग से पूर्ण कराने अपील किया है। इनके निर्देश से जगह जगह पर कैम्प लगाकर शतप्रतिशत कोविड टीकाकरण एवं जागरूकता लाने प्रयास किया जा रहा है।

### बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता

सी-3 से जिला समन्वयक महेश झरकर ने बाल विवाह की दर को कम करने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की अहम भूमिका बताया एवं समुदाय में बाल विवाह होने की स्थिति में टोल फ्री नंबर 1098 में काल कर सूचना देने जागरूक किया। इसके अलावा इन्होंने बाल अधिकार की जानकारी देते हुए शाला त्यागी किशोरों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने अपील की। परियोजना अधिकारी रावटे ने कुपोषित बच्चों को रोस्टर अनुसार एनआरसी में भर्ती करवाने हेतु निर्देश देते हुए कुपोषण, एनीमिया एवं पोषण ट्रेकर पर विशेष कार्य करने कहा। जिला समन्वयक यूनिसेफ राजेश बघेल, जिला समन्वयक सी-3 महेश झरकर, सेक्टर पर्यवेक्षक राजकुमारी कुंजाम एवं अन्य सेक्टर पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।



# सोनिया से ED की पूछताछ खत्म- नया नोटिस नहीं दिया

पूछा- यंग इंडिया के लेनदेन से जुड़ी कितनी बैठकें 10 जनपथ पर हुईं

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बुधवार को 3 घंटे पूछताछ की। ED ने उन्हें अब तक कोई नया नोटिस नहीं दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ED ने सोनिया से पूछा कि यंग इंडिया के लेन-देन से जुड़ी कितनी बैठकें आपके घर 10 जनपथ पर हुईं।

मंगलवार को भी जब ED ने उनसे कंपनियों के लेन-देन के बारे में सवाल किया तो सोनिया ने जवाब दिया- कांग्रेस, एसोसिएट जर्नल और यंग इंडियन से जुड़े सभी लेनदेन पूर्व कोषाध्यक्ष मोतीलाल वोरा देखते थे।

बुधवार को पूछताछ के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देशभर में प्रदर्शन किया। संसद भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कई सांसदों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। कांग्रेस मुख्यालय के बाहर महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सुरक्षाबलों ने उठा-उठाकर बसों में भरा। इस दौरान उनकी सुरक्षा बलों से झड़प भी हुई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि देश को पुलिसिया स्टेट में बदल दिया है। सोनिया से ईडी की पूछताछ खत्म होने के बाद दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिए गए सभी सांसदों को रिहा कर दिया।




### 3 दिन में 12 घंटे सवाल, 5 दिन का ब्रेक भी मिला

पहली बार सोनिया 21 जुलाई को ED दफ्तर पहुंची थीं, यहां उनसे 3 घंटे पूछताछ हुई। इसके बाद 5 दिन का ब्रेक मिला। इसके बाद ईडी ने उन्हें 26 जुलाई को बुलाया गया और 6 घंटे तक सवाल किए। फिर बुधवार को ईडी ने सोनिया को पूछताछ के लिए बुलाया, यहां एजेंसी ने उनसे 3 घंटे पूछताछ हुई। कुल 12 घंटे हुई पूछताछ के दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए हैं।

# विवाहिता ने की खुदकुशी, ससुरालियों पर गैर हत्या का आरोप, जांच की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



पड़ोसी जिला रायपुर के आरंग थाना अंतर्गत ग्राम बनरसी निवासी 27 वर्षीया विवाहिता नीतू साहू पति खिलावन साहू द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में मृतकों के परिजनों ने मृतिका के ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ना देकर मरने पर मजबूर करने का आरोप लगाया है। मृतिका नीतू साहू की माता बेना बाई, पिता विष्णु,भाई पदम कुमार,दादा भगतराम और चाचा बोधन साहू ने मृतिका के पति खिलावन साहू, ससुर महेश साहू, सास गणेशिया बाई के ऊपर दहेज में मोटरसाइकिल एवं पैसा नहीं लाने को लेकर लगातार प्रताड़ित करते थे जिसकी वजह से ही मीत का नितिन साहू द्वारा सैम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। मृतिका के परिजनों ने उच्चाधिकारियों से मृत्यु के मौत की फॉरेंसिक जांच और आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# चिकित्सा व्यापार नहीं अपितु पवित्र सेवा कार्य-डॉ. मानस सतपथी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जीवन जीने का नाम है। जिसने जीना सीख लिया उसका जीवन सुखमय एवं खुशहाल हो जाता है। जीना सीखना अपने आप में एक सतत् कार्य है, सार्थक दिशा में किया गया सतत् प्रयास ही इंसान को सार्थकता प्रदान करता है। और यह सार्थकता ही आनंद की अनुभूति कराती है, आनंद की इसी अनुभूति को ही हमारे धर्मशास्त्रों में प्रेरणाप्रद कार्य की संज्ञा दी गई है। आज की एक ऐसे वाकया सुनाने जा रहा हूं,इस वाकया में जीवन जीने की कला है। जीवन-आनंद है। यह घटना आज के युवाओं को लिए प्रेरणा बन सकती है, सच कहा गया है, मेहनत एवं ईमानदारी का रंग दिखने में बेसक समय लगे। लेकिन दिखता जरूर है, जी



हां तभी तो डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप कहा गया है। हम बात कर रहे हैं ग्राम तोषगाव के डॉक्टर मानस अंकुर सतपथी की, इन्होंने न केवल अपने चिकित्सीय धर्म की पालन की बल्कि इंसानियत को जिंदा करते हुए एक ऐसे मरीज की सेवा की जिसके पास आम आदमी भी नहीं जाते है। मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में पदस्थ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मानस अंकुर सतपति ने मानवता का परिचय देते हुए ग्राम तोषगांव बड़ा तालाब पदमपुर रोड स्थित शिव मंदिर के बाजू रोड के किनारे गार्डन में कई सालों से निवास कर रहे जख्मी पुजारी का इलाज किया। उसके जांच में घाव हो गया है। आने जाने में परेशानी होती है, इसलिए वे जख्मी पड़े थे। चिकित्सक जब दशकर्म कार्यक्रम के तहत तालाब पहुंचे तो उनकी नजर पड़ी और मानवता का परिचय देते हुए उन्होंने बाबाजी का ड्रेसिंग व उपचार चिकित्सक ने दूसरे दिन सोमवार को भी तालाब पहुंचकर उनकी ड्रेसिंग की। चिकित्सक मानस अंकुर सतपति कहते है कि जीवन जीने का नाम है। जिसने जीना सीख लिया उसका जीवन सुखमय एवं खुशहाल हो जाता है। उन्होंने बताया कि वह पूज्य सत्यप्रकाश सतपथी ;सत्या गुरुजीद्ध के किया। दशकर्म में सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए गांव के बड़ा तालाब पदमपुर रोड स्थित शिव मंदिर के बाजू में रोड के किनारे गार्डन में पहुंचे थे। जहां उनकी नजर एकांत में रह रहे पुजारी पर पड़ी और फिर उन्होंने उनका इलाज किया।

# कर्मचारियों की हड़ताल जारी, टीचर एसोसिएशन ने सरकार को भेजा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आवाहन पर गत सोमवार से जारी पांच दिनी हड़ताल आज तीसरे दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते पढ़ाया सभी विभाग में कामकाज पूरी तरह ठप्प हो गए हैं। सरकारी मुलाजिमों को महंगाई भत्ता नहीं मिल रहा है दूसरी ओर मंत्री और विधायकों के वेतन में लगातार वृद्धि की जा रही है। सरकार की दोहरी नीति के खिलाफ फेडरेशन का हड़ताल में शामिल छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन जिला महासमुंद की ओर से 27 जुलाई को मुख्यमंत्री मुख्य सचिव वित्त विभाग के सचिव और सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर देय तिथी से 34: महंगाई भत्ता व सातवें वेतनमान के आधार पर ग्रीन भाड़ा भत्ता प्रदान करने की मांग की गई है। संघ के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने कहा है किए अभी भी राज्य के कर्मचारियों-अधिकारियों व शिक्षकों को केवल 22: महंगाई भत्ता दिया जा रहा है तथा पेंशनरों को केवल 17: महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। जबकि केंद्र सरकार व अन्य राज्य सरकारों द्वारा कर्मचारियों, अधिकारियों, शिक्षकों व पेंशनरों को 34: महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों को 12: कम महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है तथा गृह भाड़ा भत्ता को अब तक सातवें वेतनमान के आधार पर पुनरीक्षित नहीं किया गया है जिससे छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों शिक्षकों अधिकारियों व पेंशनरों को प्रति माह 4000 से 14000 तक आर्थिक नुकसान हो रहा है।

# जिले में गरिमामय एवं परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा हरेली त्यौहार

## प्रदेश सरकार ने गरिमा और परंपरा के साथ हरेली पर्व मनाकर त्यौहार की लोकप्रियता पूरे देश में बढ़ाया-व्याख्याता राजेन्द्र प्रेमी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





* स्थानीय लोक गायक चंदन दास ने गीत के माध्यम से पर्व की महत्ता का किया गुणगान

युवाओं में पर्व के लोकप्रियता के प्रति दिखा उत्साह

जिले में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक त्यौहार हरेली को बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। हरेली छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्व है। यह किसानों का त्यौहार है। किसान खेती उपकरणों का पूजा करते है। घरों में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाए जाते है। प्रदेश सरकार द्वारा अपने कार्यकाल में इस त्यौहार को पूरी गरिमा और परंपरा के साथ मनाकर पर्व की लोकप्रियता को राज्य सहित पूरे देश में बढ़ाया है। अब युवा पीढ़ी भी इस त्यौहार का महत्व समझ रही है और इस पर गर्व महसूस कर रही है। जिले के नागरिकों द्वारा हरेली पर्व के संबंध में अपने विचार साझा किए गए है। व्याख्याता राजेन्द्र प्रेमी ने बताया कि हरेली पर्व छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार है। यह श्रावण मास की प्रथम अमावस्या को मनाया जाता है। किसान अपने खेतों में निंदाई बुआई कर इस दिन हल, बैल सहित अन्य खेती उपकरणों की विधिवत पूजा करते है। घरों में बरा, फ रा, अईरसा, ठेठरी जैसे पारंपरिक व्यंजन पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाए जाते हैं। जिसे अपने इष्ट देव को अर्पण कर लुत्फ लिया जाता है। गांवों में गेड़ी चढ़ना, नारियल फेंक, रस्सा-कस्सी, फ ुगड़ी जैसे पारंपरिक खेल का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोग धीरे-धीरे इस त्योहार की महत्ता को भूलते जा रहे थे। युवा वर्ग इस त्यौहार की गरिमा से तो पूरी तरह अनभिज्ञ हो रही है। प्रदेश सरकार ने इस दिन विविध कार्यक्रम आयोजित कर पर्व की महत्ता को बढ़ाया है। गौठानो में पारंपरिक खेल छत्तीसगढ़ी पकवान सहित अन्य रोचक कार्यक्रम कराए जाते हैं। जिससे हरेली की लोकप्रियता को जन जन तक पहुंचा है। जशपुर के प्रसिद्ध स्थानीय लोक गायक चंदन दास महंत ने भी सादरी भाषा में गीत के माध्यम से पर्व की महत्ता का गुणगाान करते हुए बताया कि हरेली किसानों का त्यौहार है एवं किसान किस प्रकार इस त्यौहार को परंपरागत तरीके से मनाते है। इसी प्रकार जिले के नवसंकल्प शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों में पर्व की लोकप्रियता के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। उनके द्वारा हरेली त्यौहार की विशेषताओं की जानकारी देते हुए युवा वर्ग में पर्व के प्रति उत्साह का संचार किया। उन्होंने सभी लोगों को धूमधाम से हरेली त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित किया।

# भौतिकी व जंतु विज्ञान संकाय में सीट बढ़ाने की मांग

## छात्र नेताओं ने संसदीय सचिव को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एमएससी के भौतिकी व जंतु विभाग के संकाय में सीट बढ़ाने की मांग को लेकर छात्र नेताओं ने कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात की। जिस पर अध्यक्ष चंद्राकर ने उचित पहल करने का आश्वासन दिया है। कॉलेज के छात्र नेता प्रतीक चंद्राकर, कुम्भज चंद्राकर, हंसराज चंद्राकर, हर्ष साहू, आर्यन साहू, सूर्यांश शुक्ला आदि संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव व कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्राकर से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान छात्र नेताओं ने चंद्राकर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वर्तमान में शासकीय वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुंद में एमएससी भौतिक एवं जंतु विज्ञान की सिर्फ 20-20 सीटे हैं। जिसके कारण उक्त विषय में 20-20 विद्यार्थियों के अलावा जो अन्य विद्यार्थी है वो उक्त विषय अध्ययन करना चाहते हैं वे इसका लाभ नहीं उठा पा रहे है। जिले में उक्त विषयों का यह एकमात्र कॉलेज है। लेकिन सीट कम होने से विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने छात्रहित को देखते हुए सीटे बढ़ाए जाने की मांग की। जिस पर अध्यक्ष चंद्राकर ने तत्काल इस दिशा में उचित पहल करने का आश्वासन दिया।

# हरेली तिहार पर जिले के गौठानों में होगी पारंपरिक कार्यक्रमों की धूम

## गेड़ी दौड़, फुगड़ी, भौंरा, रस्साकसी आदि की होंगी स्पर्धाएं

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



हरेली तिहार छत्तीसगढ़ राज्य का पहला त्यौहार है, जो छत्तीसगढ़ की ग्रामीण कृषि संस्कृति, परंपरा एवं आस्था से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य के तीज त्यौहार, परंपरा एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने की पहल के चलते हरेली सहित अन्य तिहार जैसे पोला तीजा, छेरछेरा पुन्नी आदि का आयोजन बीते तीन सालों से बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़ना है। ताकि लोग छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला संस्कृति, तीज त्यौहार एवं परंपराओं पर गर्व की अनुभूति कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ी तीज.त्यौहारों पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा भी इसी उद्देश्य की पूर्ति का एक हिस्सा ताकि लोग छत्तीसगढ़ी तीज-त्यौहारों के अवसर पर अपनी बढ़-चढ़कर भागीदार सुनिश्चित कर सकें। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी गौठानों में 28 जुलाई 2022 को हरेली त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को हरेली पर्व मनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। छत्तीसगढ़ शासन की मंशा अनुरूप कृषि विभाग द्वारा गौठानों में हरेली तिहार के दिन 28 जुलाई को ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों के मध्य गेड़ी दौड़, कुर्सी दौड़, फु गड़ी, रस्साकशी, भौंरा, नारियल फेंक आदि की प्रतियोगिताएं तथा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन आदि की भी स्पर्धाएं होंगी। हरेली तिहार के दिन गौठानों में पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण के लिए विशेष कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा। गौठानों में पशुओं को नियमित रूप से भेजनेए खुले में चराई पर रोक लगाने तथा पशु रोका.छेका अभियान में सभी ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी चर्चा की जाएगी। हरेली तिहार के दिन किसानों को भी गौठानों में विशेष रूप आमंत्रित कर खेती.किसानी के संबंध में उन्हें समसमायिक सलाह देने के साथ ही उन्हें वर्मी कम्पोस्ट का खेती में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। गौठानों के प्रबंधनए क्रय किए गए गोबरए उत्पादित वर्मी कंपोस्ट के रखरखाव सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की जाएगी तथा गौठानों में गोबरए वर्मी कम्पोस्ट आदि के सुरक्षित रख.रखाव के लिए छायादार चबूतराए तिरपाल आदि के प्रबंध की पहल की जाएगी। हरेली तिहार के मौके पर जनप्रतिनिधियों, गौठान प्रबंधन समिति के सदस्यों, स्व.सहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा फ लदार, छायादार पौधों विशेषकर कदम का रोपण किए जाए।

चीला, बड़ा, सोहारी, गुलगुला भजिया जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से महकेंगे गोठान



# शासकीय कॉलेज बेरला में वृक्षारोपण



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने एवं धरती को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से बारिश के दिनों में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रेमलता गौरे एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी युवराज पावले के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता एवं वृक्षारोपण किया गया। जिसके अंतर्गत आम, कनेर, सीताफ ल, अमरूद के पौधे लगाए गए जिसमे सहायक प्राध्यापक खुशबू ध्रुव, गिरजा वर्मा, आशीष एक्का एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को पौधों की सुरक्षा में विशेष ध्यान दिये जाने की समझाईश दी। प्राचार्य ने आम लोगों से बारिश के दिनों अधिक से अधिक पौधे लगाने का आव्हान किया।

# 14 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में थाना/चौकी प्रभारियो के द्वारा प्रतिदिन पुरे जिले में स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना बेमेतरा स्टाफ के द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण क्र.541/08, धारा 252, 354,341,456,34 भादवि में 14 साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी वीरेन्द्र कुमार चंदेल पिता मनबहल चंदेल उम्र 56 साल साकिन पिकरी थाना व जिला बेमेतरा हाल पता वार्ड नं.67 हाई स्कुल के पीछे कोनी बिलासपुर को जरिये मुखबिर कि सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को 27 जुलाई 2022 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, हेमंत साहू, राहुल यादव, राजेश ध्रुव, शिव कुमार सेन, मुकेश माहिरे एवं अन्य स्टाफ शामिल थे।

## एक नजर

### किसान नेता ने कर्मचारियों के हड़ताल को अवैध करार दिया

अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए सीएम को पत्र भी लिखा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



किसान मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के संयोजक ललित चंद्रनाहू ने कर्मचारी-अधिकारियों की हड़ताल को अवैध घोषित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि राज्य के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा केन्द्र सरकार के समान गृह भता और महगाई भत्ता के भुगतान की मांग को लेकर 25 जुलाई से जारी हड़ताल अवैधानिक है। क्योंकि केन्द्र सरकार के अधिकारियों-कर्मचारियों की पदस्थापना अंतर प्रांतीय किया जाता है। जबकि राज्य के अधिकारियों कर्मचारियों की पदस्थापना राज्य के अंतर्गत और अनेक अधिकारियों-कर्मचारियों की पदस्थापना उनके गृह जिले और गृह नगर में भी है। केन्द्र सरकार के घोषित अवकाश की तुलना में राज्य शासन का घोषित अवकाश में बहुत अंतर है। केन्द्र सरकार के वेतनमान और गृह भता व महंगाई भत्ता के अनुरूप मांग किया जाना अनुचित और अवैधानिक है। इसलिए इस काम बंद हड़ताल को अवैध घोषित कर अधिकारियों-कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाना जनहित में आवश्यक है।

### 52 परियों के दो प्रेमी पुलिस ने पकड़े, 15 हजार बरामद

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पुलिस ने समेरा डेरा के पीछे जुआ खेलते हुए युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 15 हजार रुपए नकद और दो बाइक मोबाइल जब्त की है। तुमगांव पुलिस ने बताया कि तुमगांव निवासी चोवाराम साहू और लोहारडीह निवासी शिवा सतनामी समेरा डेरा के पीछे जुआ खेल रहे थे जिसे मुखबिर की सूचना पर पकड़ा। आरोपियों से 15070 हजार रुपए नकद, 2 बाइक कीमती 60 हजार रुपएए 2 नग मोबाइल कीमत 10 हजार कुल 85070 रुपए और ताश पत्ती जब्त कर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### बर्तन दुकान में सेंधमारी, 45 हजार का बर्तन पार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

दीवार में छेदकर दुकान में घुसे अज्ञात ने 45 हजार रुपए का बर्तन पार कर दिया। पुलिस ने संचालक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम परसकोल निवासी भुवन साहू ने पुलिस को बताया कि वे 25 जुलाई की रात अपना किराना और बर्तन दुकान बंद कर घर चला गया था। 26 जुलाई की सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो दुकान के अंदर बर्तन अस्त.व्यस्त पड़ा था। दुकान की दीवार के नीचे छेद था और 45 हजार रुपए के पीतल तांबा और स्टील के बर्तन गायब था।

### हरेली दिन खेलगांव में किया जाएगा एक दिवसीय महिला अभ्यास कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



छत्तीसगढ़ के पहली त्योहार हरेली के पावन पर्व पर एक दिवसीय महिला अभ्यास कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब खेलगांव नवागांव के कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व पहली त्योहार हरेली के दिन पानी टंकी खेल मैदान खेलगांव में एक दिवसीय महिला अभ्यास कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा दोपहर 12 बजे से प्रतियोगिता प्रारंभ होगी महिला कबड्डी मैच लीग कम नाक आउट पद्धति से खेला जाएगा जो भी महिला टीम प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं। वो टीम 9691652454 पर संपर्क कर प्रवेश ले सकते है केवल 12 टीमो को ही प्रवेश दिया जाएगा।

# सीआरपीएफ के 83 वें स्थापना दिवस पर जिले के दोरनापाल स्थित 74वीं वाहिनी सीआरपीएफ में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



सीआरपीएफ के 83 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के दोरनापाल स्थित 74वीं वाहिनी सीआरपीएफ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में सबसे पहले बल तथा वाहिनी के शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई जिसमें शहीद स्थल पर शहीदों को। माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर शहीदों को सम्मान दिया गया तथा उन्हें याद किया गया। दोपहर बाद विभिन्न खेल कार्यक्रमों आयोजन किया जिसमें वाहिनी मुख्यालय में उपस्थित सभी जवानों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, तथा अधिकारियों ने जवानों की होसला अफ जाई की। आयोजन के समापन की कड़ी में रात्री भोजन के समय बडे खाने का आयोजन किया गया जिसमे मुख्यालय में उपस्थित अधिकारियों अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने साथ बैठ कर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर वाहिनी कमांडेट डीएन यादव द्वारा सभी जवानों एवं उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी।



# कलेक्टर क्षीरसागर और जनसंपर्क अधिकारी पराशर के खिलाफ प्रेस क्लब का निंदा प्रस्ताव

## भयभीत जिला प्रशासन पर दबाव में काम करने का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



महासमुंद प्रेस क्लब महासमुंद की आपात बैठक गत दिनों सांस्कृतिक भवन में हुई। बैठक में जिला प्रशासन की अतिवादी कार्यप्रणाली पर रोष जाहिर करते हुए कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर और जिला जनसंपर्क अधिकारी शशिरन पराशर के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। उल्लेखनीय है कि महासमुंद में समानांतर संगठन चला रहे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के आधा दर्जन लोगों द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का बहिष्कार करने की धमकी जिला प्रशासन को दी गई है। इससे जिला प्रशासन भयभीत होकर चंद लोगों के दबाव में काम कर रहा है। बिना पूर्व सूचना के आनन फानन में जिला प्रशासन की पांच सदस्यीय कमेटी जांच के नाम पर प्रेस क्लब पहुंच गई। जिला प्रशासन की उपस्थिति पत्रक में हस्ताक्षर लिए। बाद में उसमें मनगढ़ंत पंचनामा तैयार कर 20 जुलाई की रात में प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंदराम पत्रकार को वाट्सऐप कर 22 जुलाई तक दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध कराने कहा। इस संबंध में प्रेस क्लब का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिलकर चर्चा करना चाहते थे। 21 जुलाई को दोपहर में मिलने पहुंचे प्रेस क्लब के सदस्यों से कलेक्टर ने मिलने से इंकार कर दिया। अपर कलेक्टर लिंक कोर्ट में सरायपाली गए हैं। यह जानते हुए भी कलेक्टर ने दफ्तरों के मार्फत संदेश भेज दिया कि अपर कलेक्टर से मिलकर टीम 20 जुलाई की शाम शिकायतकर्ताओं को साथ लेकर पहुंच थी। जहां कोरे कागज में उपस्थिति पत्रक तैयार किया। प्रेस क्लब में उपस्थित पत्रकारों की चर्चा कर लें।

### वरिष्ठ पत्रकार के खिलाफ पीआरओ की आपत्तिजनक टिप्पणी पर भड़का रोष

पत्रकार कलेक्टर के मीटिंग हाल से निकलने की प्रतीक्षा कर रहे थे। यह जानते हुए भी प्रेस क्लब के 20-25 पत्रकारों की अनदेखी करते हुए कलेक्टर सीधे चले गए। जिला प्रशासन को वाद कार्यप्रणाली के विरोध में प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंदराम पत्रकार ने प्रेस क्लब में निंदा प्रस्ताव रखा। जिसे नि मत से सभी पत्रकारों ने सर्वसम्मति से पारित किया। इसी प्रकार वरिष्ठ पत्रकार राजेश शमा ने सदन का ध्यानाकर्षण कराया कि जांच के नाम पर प्रेस क्लब पहुंचे सहायक संचालक जनसंपर्क शशिस्त्र पराशर द्वारा एक वरिष्ठ पत्रकार पर आपतिजनक टिप्पणी की गई। जनसंपर्क अधिकारी के इस कृत्य के लिए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। प्रेस क्लब की बैठक में प्रमुख रूप से राजेश शर्मा, बबूलाल साहू, सालिकराम कनौजे राजय उछले, संजय महती कपी सह जववार को रखेश सोनी देवीचंद राठी, विपिन दुबे, दिनेश पाटकर, अजय पांडेयए उत्तरा विदानी संजय यादव, आशुतोष शर्मा, रविन्द्र विदानी, प्रभात महती विजय चौहान, भरतलाल यादव नवीन तिची विक्रम साह महेंद्र यादव कुजू रात्र, सोहेल अकरम, अनिल चौधरी उपस्थित थे।

# मेट मजदूरों के मजदूरी को लेकर सरकार ने दिया संशोधन का आदेश

## अब मनरेगा के मेट को मिलेगा 392 रूपये और माह में सप्ताह का काम अनिवार्य

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

पंचायतो में मनरेगा काम में संलग्न मेट मजदूरों की व्यथा आखिर राज्य सरकार ने सुन ली। छग के मेट अपने कामकाज और कम मजदूरी को लेकर बेहद परेशान थे जॉब कार्डधारियों के तरह इनको ना डेढ सौ मानव दिवस का काम मिल रहा था और ना ही मनरेगा मेट को मजदूरो के समान मजदूरी ऐसे में मेट गर्मी के दिनों मनरेगा काम मे महज छह दिन का 192 रूपये की दर से मिलने वाले मजदूरी से ही संतुष्ट होना पड रहा था।मेट अपनी व्यथा को लेकर अपनी मांग रखने प्रदेशभर में संगठन तैयार कर लिये थे। मेट के इस व्यथा को जोहार छग ने प्रमुखता उठाया। बीते 25जुलाई को मेट के इन समस्याओ को लेकर समाचार प्रकाशित किया था और समाचार प्रकाशन के दो दिन के




जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर


भीतर ही छग श्रमायुक्त ने आदेश जारी कर मनरेगा के मेट को बड़ी राहत दे दी है।

### मिलेगा रोजाना 392रूपये और माह में दो सप्ताह का काम

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के वार्षिक परिपत्र के अनुसार मेट को अर्धकुशल श्रमिक के रूप मे भुगतान के आदेश के परिपालन कर मनरेगा परिषद के विकास भवन ने 26जुलाई को आदेश जारी कर मनरेगा मेट के मजदूरी में 192 रूपये से 392 कर भारी वृध्दी कर दी है वही इसी आदेश मे मनरेगा मेट के मानव दिवस में कम से कम दो सप्ताह की अनिवार्यता भी कर दिया है। साथ ही आदेश मे यह भी लिखा हुआ है मेट यदि दो माह से अधिक काम करना चाहते है तो अकुशल श्रमिक के रूप मे कार्य कर सकते है।

### मनरेगा मेट संगठन मे आदेश को लेकर खुशी

मनरेगा के मेट के मजदूरी संशोधन से छग सहित देवभोग के मेट संगठन पदाधिकारीयो मे देवभोग अध्यक्ष जोगेन्द्र यादव,सचिव टेकराम मरकाम और उपाध्यक्ष प्रकाशचंद्र शर्मा ने खुशी जाहिर करते हुये भारत सरकार और राज्य सरकार की तारीफकी है।वही मेट संगठन का कहना है सरकार मेट के स्थायी काम पर रखे जाने पर विचार कर देती तो मेट कर्मीयो के जीवन यापन लिये बड़ा कदम होता।साथ ही इन्होने सरकारों के प्रति इस बिन्दु पर भी पहद करने पर विश्वास जताया है।



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद
विभागाध्यक्ष कार्यालय, विकास भवन, तृतीय तल,
सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर (छत्तीसगढ़)

क्र. /704/वि-7/MGNREGA/तक./2020 नवा रायपुर अटल नगर दि. /07/2022

प्रति,
जिला कार्यक्रम समन्वयक/कलेक्टर,
जिला-समस्त, छत्तीसगढ़।

[illegible]

आयुक्त
महात्मा गांधी नरेगा
नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग.

## एक नजर

### छात्र नेता वैभव यादव ने अपने जन्मदिवस असमर्थ जैसे बच्चों के बिच मनाया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



अखिल भारतीय विद्यार्थी छात्र संगठन के छात्र नेता एवं पूर्व बेमेतरा जिला मीडिया प्रभारी वैभव यादव ने अपने जन्मदिवस को बहुत ही अद्भुत तरीके से मनाया। आपको बता दे की छात्र नेता वैभव यादव ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर कोपल वाणी संस्था जो कि श्रवण बाधित बच्चों की आवासीय विद्यालय एवं महाविद्यालय है। वहां पहुंच कर उन्होंने अपना जन्मदिवस मनाया। उन्होंने बताया कि संस्था में कुल 70 से 80 बच्चे रहते हैं और वही पढ़ाई करते है। एवं यहां विद्यालय से महाविद्यालय तक की शिक्षा व्यवस्था है। ये ऐसे बच्चों की संस्था है जो बोलने और सुनने में असमर्थ है। छात्र नेता वैभव यादव ने आगे बताया की अपने जन्मदिवस को इन बच्चों के साथ मनाकर मुझे बहुत खुशी हुयी। एवं जीवन में किसी भी परिस्थिति में हार नहीं मानने की प्रेरणा भी मिली। आपकों बता दे की इस अवसर पर उन्होंने सभी बच्चों के लिए खाद्य सामग्री की भी व्यवस्था की। तथा उन्होंने बच्चों से उनके स्पेशल साइन भाषा में बात कर सभी संस्था के कर्मचारियों से भी मुलाकात की।

### ए.सी.सी.यू बिलासपुर एवं कोटा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही,चोरी करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

प्रार्थी सुनील दास मानिकपुरी साकिन कोटा द्वारा ग्राम गनियारी में कैलाश वाटिका में एसी,इनवर्टर,बैटरी चोरी होने की रिपोर्ट पर थाना कोटा में 08 जून 2022 को रिपोर्ट दर्ज किया गया था। विवेचना



दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में एसीसीयू, बिलासपुर एवं कोटा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपीगण, सरातु उर्फ अक्षय वर्मा, कुनानू उर्फ नानू वर्मा निवासी वर्मा मोहल्ला गनियारी के घर घेराबंदी कर रेड करवाई किया गया। आरोपियों के पेश करने पर एसीएइनवर्टर,बैटरी तथा अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जुमला कीमती 50000 जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा सबूत का पाए जाने से विधिवत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर लिया गया है।

सफलता की कहानी

# जिल के 1700 किसान नाशपाती की खेती से हो रहे लाभान्वित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जशपुर जिले के दूरस्थ अंचल के किसान अपने खेतों में साग सब्जी के साथ चाय, काजू, मिर्च, टमाटर, आलू और नाशपाती की अच्छी खेती करते हैं। बगीचा विकास खंड क्षेत्र के पठारी क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर नाशपाती की पैदावार हो रही है। और किसानों को इससे अच्छा मुनाफा भी मिल रहा है। जिससे उनका जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है और वे आत्मनिर्भर बन रहे है। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में किसानों को खेती के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले और किसान आर्थिक रूप से संपन्न बने इसके लिए कृषि विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग के द्वारा उन्हें छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत सचांलित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही उन्हें आधुनिक खेती की जानकारी दी जा रही ताकि जिले के किसान कम लागत से अच्छी आमदनी कर सके। उद्यान विभाग के सहायक संचालक आरएस तोमर ने बताया कि जिले के किसानों को नाशपाती की खेती के प्रति बढ़ावा देने के लिए उद्यान विभाग की फल क्षेत्र विस्तार योजना और नाशपाती क्षेत्र विस्तार योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।

बगीचा विकासखंड के लाभांवित किसान विरेन्द्र कुजूर उद्यान विभाग की नाशपाती क्षेत्र विस्तार योजना का लाभ लेकर अपने उद्यान में 250 पेड़ लगाए है। उन्हें प्रतिवर्ष नाशपाती फल से अच्छी आमदनी हो रही है। वर्ष 2021-2022 में फलदार पौधे से साल में लगभग 3 लाख रुपए आय प्राप्त कर चुके है।

# जैविक खाद के उपयोग से हो रहा मुनाफा-अनेश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



फसलों में जैविक खाद के उपयोग करने से फसल उत्पादन में वृद्धि हो रही है। जिले के नगर पंचायत मारो विकासखण्ड नवागढ़ के कृषक अनेश साहू पिता पुनित साहू ने बताया कि वे विगत कई वर्षो से कृषि कर रहे है। जिसमें वे लगातार रासायनिक उर्वरको का उपयोग कर रहे थे।

लेकिन इस वर्ष कृषक द्वारा कृषि विभाग के ग्रा.कृ.वि.अधिकारी मार्गदर्शन से 0.40 हेक्टेयर में रासायनिक खाद की मात्रा में कमी करते हुये 2 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद का भी उपयोग किया गया। जिससे की धान की फसल गत वर्ष की अपेक्षा अधिक अच्छी है एवं किट व्याधि आदि का प्रकोप नहीं हुआ है। कृषक ने बताया कि उनके खेत की मिट्टी गत् वर्ष की अपेक्षा अधिक नरम व उपजाऊ है। जिसका सीधा प्रभाव धान की फसल पर दिख रहा है। किसान ने यह भी बताया की धान की फसल में वे हर वर्ष 5 से 10 किलो जिंक सल्फेट डालते थे। लेकिन इस वर्ष जिंक सल्फेट का उपयोग नहीं किया गया है। केवल वर्मी कम्पोस्ट खाद के उपयोग से ही फसल की जिंक व अन्य माइक्रोन्यूट्रियन्ट की कमी पुरी हो गई है। जिससे फसल अधिक हरी-भरी व अधिक कंसे लिये हुये है। कृषक द्वारा मेडो पर अरहर लगाकर अतिरिक्त आय भी प्राप्त किया जा रहा है। कृषक ने अपने आस-पास के कृषको को भी वर्मी कम्पोस्ट खाद उपयोग करने की सलाह दी एवं आगामी वर्षो के लिए अपने संपूर्ण खेतो में वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग करने की रूचि जताई है।

# कलेक्टर ने जनचौपाल के दौरान बारी-बारी से सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने कल संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित आम जनता से साप्ताहिक भेंट मुलाकात कार्यक्रम जनचौपाल के दौरान जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों की फरियादें सुनी और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान आम नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 20 आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने बेरला विकासखण्ड के ग्राम कठिया निवासी स्व. ढेलुराम निषाद को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या कर दिए जाने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन को तत्काल नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जनचौपाल में मृतक के बड़े भाई फिरंगी राम निषाद, परिजनों एवं ग्रामवासियों ने कलेक्टर के समक्ष संदिग्ध मौत की जांच कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। इसके अलावा जनचौपाल में ग्राम किरीतपुर निवासी सालिक राम व परस राम साहू ने खेत में लगे टावर



खम्भे की मुआवजा राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम बरगड़ा के ग्रामवासियों ने चना बीमा की राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम पंचायत मऊ निवासी सुनिता ध्रुव ने गोबर खरीदी की भुगतान किये जाने के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम खण्डसरा निवासी रामचंद साहू ने क्षतिपूर्ति सहायता राशि दिलाये जाने, ग्राम खिसोरा निवासी रुखमणी बाई ने सड़क निर्माण पश्चात पानी निकासी के संबंध में, ग्राम संबलपुर तहसील नवागढ़ निवासी लक्ष्मी बाई ने कब्जा हटाने एवं सरपंच के अवैध हस्तक्षेप के संबंध में, ग्राम खिसोरा निवासी पिताम्बर साहू ने राशनकार्ड निरस्त करने के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम पतोरा तह. बेरला निवासी सकिया बाई ने निराश्रित पेंशन एवं राशनकार्ड बनाये जाने से संबंधित आवेदन दिए।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार इसका निराकरण करने के निर्देश दिए। यदि तकनिकी कारणों से निराकरण नहीं हो पा रहा हो तो इसकी सूचना संबंधित आवेदक को भी दी जाये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, सीईओ लीना मण्डावी, अनुविभागीय अधिकरी राजस्व बेमेतरा युगल किशोर उर्वशा, बेरला संदीप ठाकुर, नवागढ़ प्रवीण तिवारी साजा धनराज मरकाम, कार्यपाल अभियंता जलसंसाधन सीएस शिवहरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी,उप संचालक समाज कल्याण अजय कुमार गेडाम, उप संचालक कृषि एमडी मानकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़
कार्यालय धरमजयगढ़
मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


# विधायक शैलेश पांडेय जनता के बीच बेचारा,लाचार बनने की कोशिश क्यों कर रहे

### शैलेश के कार्यकाल को तीन साल हो गए लेकिन जमीनी स्तर पर कहि कोई काम नहीं दिखता

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

इस समय बिलासपुर शहर पुरी तरह से ऑटो मोड में चल रहा है। जनता ने सोचा बदलाव लाएंगे तो हो सकता है शहर का विकास होगा। बेरोजगारो को रोजगार मिलेगा।



* आखिर विधायक शैलेश मीडिया फोबिया से बाहर कब निकलेंगे

* शैलेश ने इन तीन वर्षों में जो भी घोषणा की वो कितनी पूरी हुई ये भी सोचने वाली बात

स्वास्थ्य की सुविधाएं बढ़ेगी,आम समस्याओं से निजात मिलेगी रोड एनाली एपानी की समस्या पूर्व की तरह नही रहेगी लेकिन ऐसा बदलाव के बाद भी कुछ होता दिखाई नही दे रहा है। बल्कि शहर इस समय आटो मोड़ में चला गया है क्योंकि शहर के हर चोक चौराहों की नुक्कड़ सभाओं में ये बात सुनने को मिल रही है कि विधायक शैलेश अपने आपको लाचारएबेबस साबित करने में लगे कि मेरी कोई नहीं सुनता इस बेबसी ओर लाचारी से जनता को कोई लेना देना नही उन्होंने आपको काबिलियत के आधार पर वोट दिया था कि एक शिक्षाविद अच्छी सोच का व्यक्ति विधायक बनेगा तो शहर का विकास होगा। लेकिन जनता अब इसे ठगा महसूस कर रही है जैसा उन्होंने सोचा था वैसा इन तीन वर्षों में कही होता नही दिखाई दिया बल्कि शहर का विकास जैसे रुक सा गया हो। बिलासपुर विधायक शैलेश पांडेय इन तीन वर्षो में मीडिया फोबिया से बाहर नहीं निकल पाये है उन्हें लगता है मीडिया में घोषणा करने से शहर का विकास हो जाएगा। लेकिन सच्चाई इस बात से कोसो दूर है शहर के विकास के लिए जमीनी स्तर पर संघर्ष करना पड़ता है जो विधायक की कार्यशैली में कही दिखाई नही दे रहा है अभी तक के कार्यकाल को देख जाए तो विधायक ने सिर्फ कागजों में घोषणा की लेकिन वो घोषणाएं कितनी पूरी हुई ये जांच का विषय है आखिर विधायक कब जमीनी स्तर पर कार्य करने उतरेंगे या जनता के बीच बेचारा लाचार बनके फिर से जनता के दिल मे जगह बनाने की कोशिश करते रहेगें जिससे उन्हें आने वाले विधानसभा चुनाव में टिकिट मिली तो जनता उन्हें फिर से मौका दे।

# हड़ताल के तीसरे दिन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के कर्मचारी डटे रहे

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।




हड़ताल के तीसरे दिवस भी छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के कर्मचारी डटे रहे अपनी 2 सूत्रीय मांग 34: महंगाई भत्ता और सातवें वेतन मान के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता हेतु अपनी आवाज बुलंद करते रहे। शासन तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए कई सारे प्रखर वक्ताओं ने अपने वाणी का उद्बोधन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष हुंगा राम मरकाम भी धरना स्थल पर उपस्थित हुए और कर्मचारियों का समर्थन करते हुए शासन से मांग किया कि जल्द ही केंद्र सरकार के अनुरूप 34: महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता दिया जाए। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के ब्लॉक सहसंयोजक सोनाधर मांझी ने भी आवाज बुलंद करते हुई शासन से कहा कि हमें अविलंब 34: डीए और सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता दिया जाए अन्यथा पांच दिवसीय निश्चित कालीन हड़ताल के पश्चात अगले चरण में हम अनिश्चितकालीन आंदोलन में जाने के लिए बाध्य होंगे। इसके लिए संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन को समर्थन दे रहे सर्व शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार पुजारी ने कहा कि कोई भी कर्मचारी शौक से हड़ताल नहीं करता है। मजबूरी में ही हड़ताल करना पड़ता है, शालाओं में बच्चों को पढ़ाना अति महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके ना चाहते हुए भी शिक्षक हड़ताल को मजबूर हैं। शासन को समय-समय पर देय महंगाई भत्ता को रोक कर रखना न्याय संगत नहीं है। महंगाई अपने चरम पर है और कर्मचारी इस महंगाई की मार को झेल रहा है। विगत 2 सालों से महंगाई भत्ता सही समय पर नहीं मिल रहा है। जिसका खामियाजा आम कर्मचारी अधिकारी को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने शासन से मांग किया कि अविलंब 34: डीए जो कि केंद्र शासन से 12: पीछे है और सातवें वेतनमान के अनुरूप भाड़ा भत्ता दिया जाए। वर्तमान में कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान में 34: डीए दिया जा रहा है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, गुरुवार 28 जुलाई 2022



# शर्ट के बटन खोल सोफे पर लेट गईं नेहा मलिक, कैमरे में कैद हुआ बोल्ड लुक

भोजपुरी की जानी मानी एक्ट्रेस नेहा मलिक आज देखते ही देखते ही सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी हैं. वह अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. उनका इंस्टाग्राम अकाउंट नेहा के बोल्ड और हॉट फोटोशूट्स से भरा हुआ है. अब नेहा ने फिर से अपने बोल्ड लुक्स से लोगों के होश उड़ा दिए हैं. एक्ट्रेस ने फैंस के दिलों की धड़कन को बढ़ाते हुए फिर से अपना बोल्ड लुक शेयर किया है. इनमें उन्हें ब्लैक ब्रालेट और मिनी स्कर्ट पहने देखा जा सकता है. इसके साथ उन्होंने ओपन शर्ट पेयर की है.

नेहा मलिक का परिचय देने की जरूरत नहीं रह गई हैं. बेशक नेहा अपने अभिनय से इंडस्ट्री में कोई खास मुकाम हासिल न कर पाई हो, लेकिन उनकी अदाओं ने हमेशा ही लोगों का ध्यान उनकी ओर खींचा है. ऐसे में नेहा लोगों के बीच अलग पहचान रखती हैं. लोग उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं. नेहा ने पिछले कई दिनों से अपने फोटोशूट्स से इंटरनेट पर तहलका मचाया हुआ है. चाहे वह ट्रेडिशनल हो या वेस्टर्न नेहा हर लुक में खूबसूरत लगती हैं. लेटेस्ट फोटोशूट में नेहा ने एक बार फिर से बोल्डनेस की हदें पार कर दी हैं. तस्वीरों में नेहा शर्ट के बटन खोल अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही हैं. इस लुक को नेहा ने लाइट मेकअप के साथ रेड लिपस्टिक के साथ कंप्लीट किया है. इसके साथ नेहा ने बालों को कर्ल कर खुला छोड़ा हुआ है. यहां वह सोफे पर लेट अलग-अलग पोज दे रही हैं. इन तस्वीरों में इतनी बोल्ड लग रही हैं कि उन पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है. इस लुक में नेहा काफी हॉट लग रही हैं. यहां उनकी अदाएं किसी को भी मदहोश करने के लिए काफी हैं. अब नेहा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. कुछ ही देर में नेहा के लुक को लाखों लाइक्स मिल चुके हैं।

# इरा मोर रणदीप हुड्डा-स्टारर इंस्पेक्टर अविनाश से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी

तेलुगु और कन्नड़ फिल्म उद्योगों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के बाद, अभिनेत्री इरा मोर अब निर्देशक नीरज पाठक की आगामी हिंदी वेब सीरीज के साथ बॉलीवुड में कदम रखने के लिए तैयार हैं। इंस्पेक्टर अविनाश में अभिनेता रणदीप हुड्डा मुख्य भूमिका में हैं।

मोर ने तेलुगु/कन्नड़ उद्योगों में द्विभाषी रोमांटिक एक्शन एंटरटेनर भैरव गीता से अपनी शुरूआत की। उनके प्रदर्शन ने फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा का ध्यान आकर्षित किया, जिन्होंने उन्हें 2021 में बहुभाषी अपराध नाटक डी कंपनी और राजनीतिक थ्रिलर कोंडा सहित अपनी कुछ फिल्मों में कास्ट किया, जिसमें उन्होंने राजनेता कोंडा सुरेखा की भूमिका निभाई।

अब, मोर आगामी हिंदी वेब सीरीज, इंस्पेक्टर अविनाश में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगी। सीरीज 1990 के दशक में उत्तर प्रदेश के एक सुपर पुलिस वाले के जीवन और समय पर आधारित है।

इंस्पेक्टर अविनाश के अलावा, जो वेब सीरीज में अपनी शुरूआत करेंगी, युवा अभिनेता संदीप शर्मा द्वारा निर्देशित बदला और प्रतिशोध के विषयों पर आधारित कस्बा सिंघई खीरी नामक एक अन्य वेब सीरीज में भी मुख्य भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगी।

द ब्लैक होल स्टूडियोज द्वारा निर्मित इस शो में मोर एक केंद्रीय किरदार निभाएंगी।

अपने करियर में एक नया अध्याय शुरू करने के बारे में अपने उत्साह को साझा करते हुए, मोर कहती हैं, दक्षिण फिल्म उद्योगों ने मुझे तीन साल में बहुत प्यार दिया है और कई दिलचस्प परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। और अब जब मैं हिंदी में अपनी यात्रा शुरू कर रही हूं। वेब स्पेस, मुझे उम्मीद है कि दर्शक मुझ पर अपना आशीर्वाद बरसाते रहेंगे।



# सामने आया पठान में दीपिका पादुकोण का पहला लुक, दिखा ऐक्शन अवतार

शाहरुख खान की फिल्म पठान का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। करीब तीन साल बाद यह शाहरुख की पहली फिल्म होगी। फिल्म को लेकर नए-नए अपडेट्स अकसर चर्चा में रहते हैं। पठान में दीपिका पादुकोण शाहरुख खान के साथ नजर आएंगी।

अब दीपिका का पहला लुक भी सामने आ गया है। वाईआरएफ ने एक मोशन पोस्टर के जरिए दीपिका का फर्स्ट लुक जारी किया है जिसमें बंदूक थामें दीपिका का तेज-तर्रार अंदाज नजर आ रहा है।

इस पोस्टर से साफ है कि पठान में दीपिका का ऐक्शन अवतार देखने को मिलेगा। ब्लैक थीम के इस पोस्टर में उनका लुक और इंटेंस नजर आता है। इस पोस्टर काले बैकग्राउंड में दीपिका को बंदूक थामे दिखाया गया है। उनके हाथों में लगा नेलपेंट भी काला है। वहीं, उनके माथे से खून निकल रहा है। इस तरह के अंदाज में दीपिका पहले किसी फिल्म में नजर नहीं आई हैं। उनका ऐक्शन अवतार देखने के लिए प्रशंसक उत्सुक हैं।

पहले शाहरुख और अब दीपिका क लुक स साफ है कि



फिल्म में जबरदस्त ऐक्शन देखने को मिलेगा। खलनायक के किरदार में जॉन अब्राहम पर्दे पर शाहरुख से भिड़ते दिखेंगे। जॉन और शाहरुख की भिड़ंत दर्शकों के लिए दिलचस्प होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म के लिए खुद को ढालने के लिए शाहरुख ने दो साल की कड़ी ट्रेनिंग की है। उन्होंने कठिन वर्कआउट के साथ ही कड़े डायट प्लान का भी पालन किया है।

यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण यशराज फिल्म्स कर रहा है। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शाहरुख और दीपिका की साथ में यह चौथी फिल्म है। दीपिका ने शाहरुख की ओम शांति ओम से अपना डेब्यू किया था। रिपोर्ट्स के अनुसार यह फिल्म करीब 200 करोड़ रुपये में बनी है। फिल्म में बॉलीवुड का सबसे बड़ा क्लाइमैक्स सीन दिखाई देगा। इसे दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा पर शूट किया गया है।

*फिल्म में सलमान खान गेस्ट अपीयरेंस में नजर आएंगे। चर्चा है कि वह फिल्म में टाइगर फ्रैंचाइजी के अपने किरदार अविनाश राठौड़ के रूप में नजर आएंगे। सलमान की टाइगर 3 भी अगले साल रिलीज होगी। पठान के बाद अगले साल जून में शाहरुख की जवान आएगी। जवान से साउथ की जानीमानी अभिनेत्री नयनतारा डेब्यू कर रही हैं। इसके बाद दिसंबर में शाहरुख राजकुमार हिरानी की फिल्म डंकी के साथ पर्दे पर आएंगे। पठान के बाद दीपिका साइंस फिक्शन फिल्म के प्रोजेक्ट में नजर आएंगी।*

## खेल

# 2025 में विमेन वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा भारत

बांग्लादेश-इंग्लैंड में होंगे 2024, 2026 के टी-20 वर्ल्ड कप; ICC ने 5 साल के क्रिकेट कार्यक्रम का ऐलान किया

भारत 2025 में ICC वनडे विमेन वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है। उसे 12 साल बाद महिलाओं के वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी मिली है। भारत ने इंटरनेशनल क्रिकेट कमेटी की बैठक में सफल बोली लगाई है। ICC ने मंगलवार रात को अपने 5 साल के इंटरनेशनल शेड्यूल का ऐलान किया है।

इसके तहत 2024 और 2026 में होने जा रहे विमेन टी-20 वर्ल्ड कप कराने का जिम्मा बांग्लादेश और इंग्लैंड को सौंपा गया है। श्रीलंका को पहली महिला टी-20 चैंपियनशिप 2027 का मेजबान बनाया है।

मेजबानों का ऐलान बोली प्रक्रिया के बाद किया गया है। हर बोली की समीक्षा उप-समिति ने की। जिसकी अध्यक्षता मार्टिन स्नेडेन क्लेयर कॉनर, सौरव गांगुली और रिकी स्केरिट के साथ कर रहे थे।




## 2024-27 तक एशिया में 3 ICC इवेंट

एशिया को 4 में से 3 ICC इवेंट की मेजबानी मिली है, जबकि एक इंग्लैंड के हिस्से गई है। बोली में भारत को वनडे, बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप मिले हैं। साथ ही श्रीलंका को टी-20 चैंपियनशिप मिली है। वहीं, इंग्लैंड को एक टी-20 वर्ल्ड कप दिया गया है।

## भारत ने 2013 में हुआ था विमेन वनडे वर्ल्ड कप

भारत 12 साल बाद विमेन के वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है। उसने इससे पहले 2013 में महिलाओं के वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी। इंग्लैंड 2009 के बाद पहली बार महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। वहीं, बांग्लादेश दूसरी बार महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा।

## जय शाह बोले- यादगार आयोजन बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

इस BCCI सचिव जय शाह ने कहा कि हम इसे एक यादगार आयोजन बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। ICC टूर्नामेंट खेल की लोकप्रियता को और बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि BCCI भारत में महिला क्रिकेट के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे पास बुनियादी ढांचा है और मुझे विश्वास है कि हमारे पास विश्व कप का एक बहुत ही सफल संस्करण होगा।

# सिर्फ 231 पर ढेर हुआ पाकिस्तान, पहली पारी से श्रीलंका को 147 रन की लीड




**नईदिल्ली ।** श्रीलंका दौरे पर टेस्ट सीरीज खेलने गई पाकिस्तान की टीम दूसरे टेस्ट की पारी में सिर्फ 231 रन बनाकर ढेर हो गई. इससे पहले श्रीलंका ने पहली पारी में 378 रन बनाए थे. इसके जवाब में पाकिस्तान की ओर से आगा सलमान (62) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज कमाल नहीं दिखा पाया. पाकिस्तान की ओर से इमाम उल हक (32), मोहम्मद रिजवान (24), फवाद आलम (24) और यासिर शाह (26) को अच्छी शुरुआत मिली थी लेकिन चारों ही बल्लेबाज इसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए. मैच के तीसरे दिन 191/7 से आगे खेलने उतरी पाकिस्तान ने अंतिम 3 विकेट खोने तक 40 रन और जोड़े. पाकिस्तानी बल्लेबाज रमेश मेंडिस की फिरकी में घूमती नजर आए. उन्होंने 5 विकेट अपने नाम किए. इसके अलावा बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने भी 3 विकेट चटकाए. अपने करियर का 10वां टेस्ट खेल रहे रमेश मेंडिस ने तीसरी बार पारी में तीसरी बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किया.

## एक नजर

# नीरज चोपड़ा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण राष्ट्रमंडल खेलों से हटे

**बर्मिंघम ।** भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा फिटनेस संबंधी दिक्कतों के कारण राष्ट्रमंडल खेलों से हट गए हैं। भारतीय ओलंपिक संघ ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



चोपड़ा ने रविवार को यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक रजत पदक जीता था लेकिन इस प्रतियोगिता के दौरान उनके पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।

आईओए महासचिव राजीव मेहता ने कहा कि मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा को एक महीने के विश्राम की सलाह दी गई है।

उन्होंने कहा, भारतीय टीम के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की आज सुबह अमेरिका से फोन पर मुझसे बात हुई और उन्होंने फिटनेस चिंताओं के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने में असमर्थता जताई। मेहता ने कहा, यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद चोपड़ा ने सोमवार को एमआरआई कराया था और उनकी चिकित्सा टीम ने उन्हें एक महीने विश्राम करने की सलाह दी है।

# लिनेट ने प्राग ओपन के पहले दौर में मर्टेन्स को हराया

**प्राग ।** बेल्जियम की तीसरी वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस प्राग ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में पोलैंड की गैरवरीय मैग्डा लिनेट से 3-6, 6-2, 2-6 से हारकर बाहर हो गईं। लिनेट इससे पहले तीन अवसरों पर मर्टेंस से हार गयी थी। दूसरे दौर में उनका सामना डारिया स्निगुर या विक्टोरिया तोमोवा से होगा।



छठी वरीयता प्राप्त एलिसन वान युतवांक चोटिल होने के कारण पहले दौर के मैच से बाहर हो गयी। जब उन्होंने डालिला याकुपोविच के खिलाफ मैच से हटने का फैसला किया तब वह 5-2 से पीछे चल रही थी।

स्लोवानिया की याकुपोविच अगले दौर में चीन की कियांग वांग से भिड़ेंगी जिन्होंने स्वीडन की रेबेका पीटरसन को 1-6, 6-3, 7-6 (4) से हराया।

विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची चेक गणराज्य की आठवीं वरीयता प्राप्त मैरी बुज़कोवा ने ऑस्ट्रिया की सिंजा क्रॉस को 6-2, 7-6 (2) से पराजित किया। लिन झू, नाओ हिबिनो और क्लो पेक्वेट भी आगे बढ़ने में सफल रहीं।

# वर्ल्ड कप जीतने की तैयारी में टीम इंडिया

मेंटल कंडीशनिंग कोच पैड अप्टन फिर टीम से जुड़ेंगे, 2011 वर्ल्ड कप के दौरान भी मौजूद थे

पैडी अप्टन को एक बार फिर भारतीय क्रिकेट टीम का मेंटल कंडीशनिंग कोच बनाया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। अप्टन 2008 से 2011 के बीच भी टीम इंडिया के साथ मौजूद थे। उनकी देखरेख में भारत ने 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीता था। इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में टी-20 वर्ल्ड कप खेला जाना है। इसके बाद 2023 में भारत में वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन होगा। इन बड़ी चुनौतियों को देखते हुए बोर्ड ने अप्टन की नियुक्ति की है।




## साउथ अफ्रीका को भी बना चुके हैं नंबर-1 टीम

भारतीय टीम के पूर्व कोच गैरी कर्स्टन ने सबसे पहले अप्टन को अपने सपोर्ट स्टाफ में शामिल किया था। बाद में कर्स्टन साउथ अफ्रीका के कोच बने और अप्टन वहां भी उनके सपोर्ट स्टाफ में मौजूद थे। कर्स्टन और अप्टन की मौजूदगी में साउथ अफ्रीका की टीम 2013 में टेस्ट क्रिकेट की नंबर-1 टीम बनी थी।

अप्टन ने सोमवार को ही भारतीय टीम को जॉइन कर लिया है। बताया जा रहा है कि मौजूदा भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने अप्टन से इस जॉब के लिए संपर्क किया था। इसके बाद उनकी BCCI अधिकारियों से बात कराई गई और अप्टन ने जॉब ऑफर को स्वीकार कर लिया। माउंटेन क्लाइंबिंग, कैनोइंग जैसे एक्स्ट्रीम स्पोर्ट्स के जरिए देते हैं ट्रेनिंग खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए अप्टन के तरीके पहले भी चर्चा में रहे हैं।

# अमेरिका के अब तक 33 पदक, बनाया रिकॉर्ड

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**यूजीन ।** सिडनी मैकलॉघलिन के बेहतरीन प्रदर्शन से अमेरिका ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कुल पदकों की संख्या 33 पर पहुंचाई जो कि नया रिकॉर्ड है। विश्व चैंपियनशिप में 2 अन्य रिकॉर्ड भी बने। नाईजीरिया की टोबी अमुसन ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 12.12 सेकेंड के साथ रिकॉर्ड बनाया। इसके 90 मिनट बाद उन्होंने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीता। उनका फाइनल का समय असल में 12.06 था, लेकिन तब तेज हवा चल रही थी, इसलिए यह रिकॉर्ड बुक में दर्ज नहीं हुआ। स्वीडन के अर्मांड डुपलेनटिस ने पुरुषों के पोल वॉल्ट में 6.21 मीटर के साथ रिकॉर्ड बनाया। इससे स्वीडन ने पहला स्वर्ण पदक हासिल किया। अमेरिका के क्रिस्टोफर नीलसन ने रजत पदक जीता। ट्रैक पर अमेरिकी महिला रिले टीम ने जलवा बिखेरा। अमेरिकी टीम ने तीन मिनट 17.79 सेकंड में दौड़ पूरी कर अमेरिका को 33वां पदक दिलाया जो 2017 में उसके जीते कुल पदकों से तीन अधिक हैं।



# समान भूमिका, निष्पक्ष बैनर के तले शिक्षकों ने लंबित मंहगाई भत्ता व गृह भाड़ा भत्ता हेतु कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

28जुलाई को हरेली त्योहार मनाते हुए बैगा व बैल को प्रतीकात्मक रूप से मांग पत्र सौंपकर **DA** व **HRA** हेतु कामना की जाएगी।



**बिलासपुर।** 34 प्रतिशत डी ए तथा सातवें वेतनमान के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता,दो सूत्रीय मांग के साथ 25 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन के तृतीय दिवस पर प्रांतीय निर्देशानुसार देय तिथि से डीए व गृह भाड़ा भत्ता प्रदान करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, मुख्य सचिव,छत्तीसगढ़ शासन,सचिव वित्त विभाग, एवं सचिव सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के नाम रायपुर कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे को ज्ञापन सौंपा गया,जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला ने बताया है कि कल 28जुलाई 2022 को रायपुर जिला के सभी ब्लॉकों में तथा जिला में रायपुर में बूढ़ातालाब गार्डन के पास इकाई एकत्रित होकर दिनांक 28 जुलाई को हरेली तिहार मनाते हुए बैगा व बैल को सांकेतिक रूप से ज्ञापन देकर DA व HRA के लिए कामना की जाएगी।

समस्त शिक्षक ,अधिकारी ,कर्मचारी साथियों से आग्रह है कि उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपनी मांग को शासन के समक्ष प्रबलता से रख कर कार्यक्रम को सफल बनावे ।ज्ञापन देने वालो प्रमुख रूप से प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला,धर्मेश शर्मा,गंगा पासी, जीतेन्द्र मिश्रा,टिकेश्वरी साहू,कन्हैया कंसारी, अतुल शर्मा,सीएल साहू, हरीश दीवान,गोपाल वर्मा,मनोज मुछावड,अनिल वर्मा,उदयराम वर्मा,चन्द्रशेखर वर्मा, विजय ध्रुव, रेखा चौहान,लक्ष्मी वर्मा, मदन वर्मा,रूद्रनारायण तिवारी,विभा सिंह परिहार, सरस्वती राघव,भोला वर्मा,संतोष सोनवानी, कंचनलता यादव, ओकेश साहू, विमल देवांगन, पी.आर .गुरूपंच,दुर्गेश नेताम, राधिका शर्मा,तृप्ति बैद,, मनीष शर्मा,सरस्वती राघव, कृष्णराज पांडेय,आराधना शर्मा, अब्दुल आशिफ,अतुल अवस्थी, घनश्याम पटेल,लक्ष्मी चन्द्राकर, एंजिलिना बखला,सहित जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियो ने अपनी उपस्थिति दी।



# प्रदेश की भूपेश सरकार के खिलाफ पोस्टर लगाना प्रारंभ



**बिलासपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा दक्षिण मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की भूपेश सरकार के खिलाफ पोस्टर लगाना प्रारंभ किया मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रौशन सिंह एवं मंडल अध्यक्ष मोनू रजक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि सरकार बनते ही सरकार सबसे पहले सरकारी नौकरी एवं बेरोजगारी भत्ता 2500 रूपए देंगे लेकिन कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के लाखों बेरोजगार के साथ मजाक कर झुझुना थमा दिया जिसके कारण प्रदेश के युवा आज भी नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे है। इसलिए युवा मोर्चा ने प्रदेश के युवाओं के समर्थन में खड़ी हो कर उनकी हर मांग पर युवा मोर्चा साथ खड़ी है। युवा मार्चे द्वारा आगामी होने जा रहे विशाल धरना प्रदर्शन कर कांग्रेस पार्टी के नेताओं, मंत्रियों एवं मुख्यमंत्री का चेहरा उजागर कर प्रदेश के सामने लाया जाएगा। सरकार के वादाखिलाफी के विरोध में दक्षिण मंडल के मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह चौक चौराहों पर पोस्टर लगाए।

इस मौके पर रौशन सिंह, मोनू रजक, अभिषेक राज, साहिल कश्यप, अमन ताम्रकार, अखिलेश यादव, मुस्ताक मेमन, आयुष मेहता, तनूज रोहरा, चिंटू गुप्ता, ओम तिवारी सहित मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### चरवाहों के परम्परागत मेहताना के साथ अतिरिक्त लाभ दिलाने का हर संभव प्रयास

**गरियाबंद ।** जिले में गोधन न्याय योजना के तहत चरवाहों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके परम्परागत मेहताना के साथ अतिरिक्त लाभ दिलाने का हर संभव उपाय किये जा रहे हैं। जिससे पशुओं के चरवाहा को परम्परागत रूप से मिलने वाली मेहताना के साथ-साथ अतिरिक्त लाभ भी मिलने लगेगा ।उप संचालक कृषि संदीप भोई ने अवगत कराया है कि किसी भी योजना के तहत वर्तमान में शासन स्तर से चरवाहों को मानदेय दिये जाने की व्यवस्था नहीं की गई है। किन्तु गांव में पूर्व से चली आ रही परम्परा अनुसार पशुपालक एवं चरवाहा के आपसी सहमति से पशु संख्या के आधार पर मानदेय का भुगतान ग्रामीणों द्वारा किया जाता है ।विगत दिवस जिला प्रशासन द्वारा आयोजित गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक में जिले के चरवाहों को प्रोत्साहित करने के लिए गौठान प्रबंधन हेतु जारी राशि से अथवा गौठान समिति के लाभांश राशि से चरवाहों को निश्चित मानदेय दिये जाने के संबंध में पहल की गई है ।राज्य सरकार द्वारा चरवाहा/गोबर संकलित करने वाले से भी सीधे गोबर क्रय करने हेतु गोधन न्याय योजना में पंजीयन कराने की कार्यवाही की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा गौठानों में पशुधन से प्राप्त गोबर को गौठान समिति एवं चरवाहों की आपसी सहमति से एक निश्चित अनुपात में गोबर का हिस्सा विक्रय करने हेतु आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये।

### कलेक्टर ने छिंदगढ़ विकासखंड में शैक्षणिक और आवासीय संस्थानों का किया निरीक्षण

**सुकमा ।** जिले की शिक्षा व्यवस्था का संज्ञान लेने आज कलेक्टर हरिस. एस ने छिदगढ़ विकासखंड में संचालित शैक्षणिक एवं आवासीय संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने बालिका आश्रम कुकानार, बालक आश्रम तोंगपाल, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास कुकानार, कन्या हाई स्कूल तोंगपाल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकानार, पोटाकेबीन बालाटीकरा सहित अन्य संस्थानों का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को प्रदाय सुविधाओं, शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी नितिन डडसेना, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गणेश सोरी, तहसीलदार गादीरास महेंद्र लहरे एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# नव पदस्थ एएसपी जयसवाल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर का ग्रहण किया पदभार







**बिलासपुर ।** नव पदस्थ एएसपी राजेन्द्र कुमार जायसवाल ने बिलासपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) का पदभार ग्रहण किया गया। पदभार ग्रहण करते ही सीएसपी स्नेहिल साहू, व पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। एएसपी राजेन्द्र जायसवाल ने पदभार लेने के बाद कलेक्टर सौरभ कुमार व एसपी पारुल माथुर एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों से मिलकर परिचय लिया एवं सभी को एक साथ टीम के रूप में कार्य करने के लिए कहा। साथ है बिलासपुर शहर में पुलिसिंग व्यवस्था को और भी ज्यादा दुरुस्त एवं पुलिस के कार्य क्षेत्र में आने वाले कार्यों को मजबूती एवं कड़ाई से पालन करवाने की बात कही। इस दौरान नव पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर पारुल माथुर ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में महापौर और कलेक्टर ने किया रक्तदान

रक्तदान महादान है, सभी करें रक्तदान - कलेक्टर चंदन कुमार

जगदलपुर। इंडियन रेडक्रास सोसायटी बस्तर द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में महापौर सफीरा साहू और कलेक्टर चंदन कुमार ने रक्तदान किया। कलेक्टर चंदन कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है सभी को रक्तदान करना चाहिए।



उन्होंने कहा कि जिले में डेंगू-मलेरिया के मरीज़ों के साथ-साथ अन्य बीमारियों के मरीज़ों को खून की आवश्यकता हो सकती है, उन मरीज़ों को खून की कमी ना हो इसके लिए प्रशासन ने रेडक्रास के माध्यम से श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हाल में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया है।

इस शिविर में महापौर सफीरा साहू, पार्षदगण, आयुक्त नगर निगम दिनेश नाग, एसडीएम जगदलपुर ओपी वर्मा, संयुक्त कलेक्टर हितेश बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, युवोदय के स्वयं सेवक ने रक्तदान किया। स्वैछिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ महापौर सफीरा साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष कविता साहू, पार्षद आलोक अवस्थी, जिला पंचायत सीईओ रोहित व्यास, आयुक्त दिनेश कुमार नाग, सिविल सर्जन डॉक्टर एस. प्रसाद, रेड क्रॉस सोसाइटी के एलेक्सजेंडर चेरियन, स्वास्थ्य और आयुर्वेद विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और रेड क्रॉस सोसाइटी सदस्यगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने महारानी अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, डेंगू वार्ड पहुंचकर जाना मरीजों का हाल

**जगदलपुर।** कलेक्टर चंदन कुमार ने मंगलवार को महारानी अस्पताल का औचक निरीक्षण कर वहाँ की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। कलेक्टर चंदन कुमार महारानी अस्पताल के डेंगू वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों से हालचाल पूछा, साथ ही मरीजों से अस्पताल द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बंध में जानकारी ली।

कलेक्टर ने नशा मुक्ति सेंटर, बर्न यूनिट केंद्र की जायजा लेकर मानव संसाधन बढ़ाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर संजय प्रसाद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर.के. चतुर्वेदी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।





# भरे बरसात में सरपंच ने तुड़वाए मकान, पीड़ित परिवारों का छीना छाया

**गरियाबंद ।** मतदाता के द्वारा जनप्रतिनिधी का चुनाव कर अपनी समस्या का निवारण करते है ,और अपनी समस्या को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शासन तक पहुँचाते है,इसके साथ ही चयनित जनप्रतिनिधी अपनी जनता के हर दुख सुख में सहभागी होकर मतदाता की समस्या का निवारण करते है। लेकिन चुने हुए जनप्रतिनिधि ही जनता को समस्या में डाल दे ऐसा है तर्रा पंचायत ,जहां के सरपँच और पंच अपनी मनमानी करते हुए ग्राम के ही दो परिवार के मकान जिसमे वे परिवार 70 वर्षों से रह रहे है उसे भरे बरसात के मौसम में बुलडोजर बुलवाकर तुड़वा दिए ,जिससे वे घर मालिक बेघर होकर थाना और जिला प्रशासन के पास न्याय के लिये भटकने मजबूर है,और जांच की मांग करते हुए पांडुका थाना पुलिस अधीक्षक,और कलेक्टर को ज्ञापन सौपे ।वही ज्ञापन के आधार पे पीड़ित परिवार ने बताया कि रेखराम साहू पिता तानुराम साहू जाति निवासी तर्रा तहसील राजिम निवासी हूँ । वे जिस मकान में रहते है वहाँ उनके पूर्वजों के द्वारा ग्राम तर्रा में निवास करते हुए आ रहे हैं तथा नियमित रूप से मकान टैक्स की अदायगी करते हुए आ रहे है ।उक्त परिवार एक गरीब व मजदुर वर्ग से है जो कि रोजी मजदुरी करने के लिए रायपुर में जाकर काम कर रहा था।

# ईडी का दुरुपयोग व सत्याग्रह पर बर्बरता से भाजपा का आतंकी चेहरा उजागरः कांग्रेस



**राजनांदगांव ।** केन्द्र की भाजपा नीत मोदी सरकार द्वारा प्रमुख विपक्षी कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी जी पर लगातार केन्द्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के माध्यम से डराने व दबाने का प्रयास कर रही है। जिसको लेकर कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर, मजबूती से लगातार इसका विरोध कर रहे है। वहीं 26 जुलाई को संसद भवन नईदिल्ली में गांधी जी की प्रतिमा के सामने विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी जी व 50 सांसद सत्य की इस लड़ाई के लिए शांतिपूर्ण तरीके से सत्याग्रह कर रहे थे उनको कुचलने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्रूरतापूर्वक बल का प्रयोग किया गया। जिसको लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम जी के निर्देशानुसार, प्रदेश महासचिव व शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अरूण सिसोदिया जी के मार्गदर्शन में तथा शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी के नेतृत्व 27 जुलाई बुधवार को महावीर चौक पर धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया। आयोजन के विषय में जिला प्रवक्ता रूपेश दुबे व शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने संयुक्त विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ ईडी की इस कार्रवाई पर कांग्रेस निंदा करती है और प्रतिशोध की राजनीति का कड़ा विरोध करती है।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल का तीसरा दिन

सरकार की हठधर्मिता ने आक्रोशित किया आंदोलनकारियों को बाईक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोंडागांव -** केंद्र के समान 34 प्रतिशत मंहगाई भत्ता व सातवे वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता प्रदान करने को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के अनिश्चितकालीन आंदोलन के तीसरे दिन विकास नगर स्टेडियम में सरकार की हठधर्मिता को लेकर जबरदस्त आक्रोश आन्दोलनकारियो में देखा गया। आंदोलन को लेकर सरकार की लगातार उदासीनता ने आंदोलन की आग में घी डालने का काम किया है। आज हड़ताल के तीसरे दिन केंद्र के समान 34 प्रतिशत महगाई भत्ता व सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन , मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन , सचिव छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग, सचिव छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, के नाम से कलेक्टर जिला कोंडागांव के प्रतिनिधि दीनदयाल मंडावी संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसके लिए विकास नगर स्टेडियम से जिला कलेक्टर कार्यालय कोंडागांव तक विशाल बाईक रैली निकाल कर अपनी मांगों के समर्थन में तथा शासन प्रशासन की हठधर्मिता के विरोध में शिक्षको के द्वारा जमकर नारे बाज़ी की गई ।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ॠषिदेव सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि महगाई भत्ता व गृह भाड़ा भत्ता न केवल केंद्र के समान मिले बल्कि देय तिथि से मिले ताकि जो लाखो रुपयों का नुकसान हज़ारो कर्मचारियों को हुआ है वो सब राशि एरियर्स के रूप में मिले। जुझारू कर्मचारी नेता इरसाद अंसारी ने कहा कि संघटन की ताकत ही हैं जो बड़ी से बड़ी समस्याओं से हमे उबार सकता है। हमे संघठित होकर रहने की आवश्यकता है। प्रदेश संगठन मंत्री नीलम श्रीवास्तव ने अपने शिक्षा कर्मी आंदोलन को याद करते हुए संगठन की महत्ता व अपने उन दिनों के संघर्ष को सबको याद दिलाया । सबको निडर होकर आंदोलन में शामिल होने को कहा क्योंकि एकता में ही बल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का दुर्भाग्य है यहाँ शिक्षा विभाग में ही लगातार प्रयोग हो रहा है और शिक्षक प्रयोग की वस्तु बन गया है।

पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शिव तिवारी ने पुराने आंदोलन की याद दिलाई और बताया कि पहले कैसे आर्थिक तंगी में भी अपनी मांगों के लिए बिना हारे बिना डरे आंदोलन करते रहे जो संविलियन के रूप में अंतत: सफल हुआ। महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ट लीना तिवारी ने सबको आंदोलन में नि:स्वार्थ भाव से शामिल होने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वो पी टी आई होकर भी छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन से जुड़ी है, क्योंकि इस संघटन ने 1998 से अब तक शिक्षको के हित मे लगातार कार्य किया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ॠषिदेव सिंह ब्लॉक अध्यक्ष मन्नाराम नेताम जिला सचिव संजय राठौर, महामंत्री चंद्रकांत सिंह ठाकुर प्रदेश संघटन मंत्री नीलम श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष लीना तिवारी, मालती ध्रुव, रामेश्वर राव, सन्तोष सिंह, रामगोपाल सिंह, श्रीमती मैना मरकाम, कामिनी मिश्रा, शिशिर दुबे, लखीराम बघेल, अनिल साहू, अशोक साहू, अनिल कोर्राम, सुंदरलाल बघेल, कंगालू राम बघेल, विरसराव बेलसरिया, सुरेंद्र कुमार कुमेटी, शंभू राम मरकाम, घनश्याम नाग, दीपक ठाकुर, शिव कुमार मंडावी, सुखनाथ नेताम, श्रीमती जैनी नेताम, गीता कोसरे, चंद्रेश दुबे, दीपा राठौर, रीता राय, रूबी भट्टाचार्य, ज्योति देवांगन, रश्मिगिरी गोस्वामी, सुधांशु , राखी ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# हरेली तिहार के अवसर पर आज बनोरा व सूपा गौठान से होगी जिले में गौ-मूत्र खरीदी की शुरूआत

## राज्य में पशुपालकों की आय और जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक और पहल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर राज्य के गौठानों में 28 जुलाई हरेली तिहार से गौ-मूत्र की खरीदी की शुरूआत होगी। प्रथम चरण में रायगढ़ जिले में गौ-मूत्र खरीदी के लिए विकासखण्ड रायगढ़ के बनोरा एवं विकासखण्ड पुसौर के सुपा गौठान का चयन किया गया है।**

कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में गौ-मूत्र क्रय के लिए न्यूनतम राशि 4 रूपए प्रति लीटर प्रस्तावित की गई है। क्रय गौ-मूत्र से महिला स्व-सहायता समूह की मदद से जीवामृत एवं कीट नियंत्रक उत्पाद तैयार किए जाएंगे। जिले के गौठानों में 28 जुलाई को हरेली त्यौहार मनाया जाएगा। इस मौके पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गेड़ी दौड़, कुर्सी दौड़, फुगड़ी, रस्साकशी, भौंरा, नारियल फेंक आदि की प्रतियोगिताएं तथा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन आदि की भी स्पर्धाएं होंगी। उप संचालक पशुपालन पाण्डेय ने बताया कि गौ-मूत्र खरीदी के लिए समूह का चयन कर गौ-मूत्र खरीदी व टेस्टिंग संबंधी सभी प्रकार की ट्रेनिंग दी गई है। जिससे समूह को गौ-मूत्र खरीदी में परेशानी न हो। पशुपालन विभाग द्वारा गौ-मूत्र टेस्ट के लिए पीएच मीटर तथा यूरिनो मीटर प्रदाय




किया गया है। इन दोनों चयनित गौठानों में 400 से अधिक पशुओं की संख्या है। लिहाजा इसका लाभ समूह के साथ पशुपालकों को मिलेगा। हार्टीकल्चर विभाग द्वारा गौ-मूत्र के उत्पादों के निर्माण के लिए नीम, करंज, सीताफल जैसे आवश्यक पौधारोपण किया गया है। जिससे गौ-मूत्र उत्पाद का निर्माण किया जा सके। गौ-मूत्र से कीटनाशक और जीवामृत का निर्माण किया जाएगा। इसमें कीटनाशक नाम के अनुरूप कीट नष्ट करने व जीवामृत का उपयोग फसल के ग्रोथ बढ़ाने के लिए किया जायेगा। गौरतलब है कि दो साल पहले 20 जुलाई 2020 को राज्य में हरेली पर्व के दिन से ही गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर की खरीदी की शुरूआत हुई थी। गोबर से गौठानों में अब तक 20 लाख क्विंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट, सुपर प्लस कम्पोस्ट महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित किए जा चुके हैं, जिसके चलते राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा मिला है।

गौ-मूत्र की खरीदी राज्य में जैविक खेती के प्रयासों को और आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगी। इसी को ध्यान में रखकर राज्य में गौ-मूत्र की खरीदी शुरू की जा रही है। इससे पशुपालकों को गौ-मूत्र बेचने से जहां एक ओर अतिरिक्त आय होगी, वहीं दूसरी ओर महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से जीवामृत, गौ-मूत्र की कीट नियंत्रक उत्पाद तैयार किए जाने से समूहों को रोजगार और आय का एक और जरिया मिलेगा। जीवामृत और गौ-मूत्र की कीट नियंत्रक उत्पाद का उपयोग किसान भाई रासायनिक कीटनाशक के बदले कर सकेंगे, जिससे कृषि में कास्ट लागत कम होगी। खाद्यान्न की विषाक्तता में कमी आएगी। गोधन न्याय योजना राज्य के ग्रामीण अंचल में बेहद लोकप्रिय योजना साबित हुई है। इस योजना के तहत पशुपालक ग्रामीणों से लगभग दो सालों में 150 करोड़ से अधिक की गोबर खरीदी की गई है, जिसका सीधा फायदा ग्रामीण पशुपालकों को मिला है। क्रय गोबर से वर्मी खाद का निर्माण एवं विक्रय से महिला स्व-सहायता समूहों और गौठान समितियों को 143 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

# युवोदय कोण्डागांव के वालेंटियर्स ने कलेक्टर सोनी से की भेंट

### कलेक्टर सोनी ने वालेंटियर्स को शिक्षा-स्वास्थ्य एवं पर्यटन क्षेत्र में बेहतर कार्य करने दी समझाईश



**कोण्डागांव**- जिले में यूनिसेफ एवं जिला प्रशासन के साथ जुड़कर शिक्षा, स्वास्थ्य, मलेरिया उन्मूलन, कोविड टीकाकरण के क्षेत्र में समर्पित होकर कार्य करने वाले युवोदय कोंडानार के वालेंटियर्स ने कलेक्टर श्री दीपक सोनी से भेंटकर स्व-स्फूर्त ढंग से किये जा रहे अपने कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस दौरान कलेक्टर श्री सोनी ने इन युवा वालेंटियर्स के अनुभव को तन्मयता के साथ सुना और उक्त युवोदय वालेंटियर्स को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन क्षेत्र में बेहतर योगदान देने की समझाईस देते कहा कि जिले में शिक्षा से सभी बच्चों को जोड़ने, शाला त्यागी बच्चों को दाखिल कराने सहित उन्हे शिक्षा के लिए अवाश्यक सुविधाएं सुलभ कराने की दिशा में काम करें। जिले के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए के लिए सामुदायिक जागरूकता, टीकाकरण, मलेरिया उन्मूलन, कोविड टीकाकरण हेतु व्यापक जनजागरूकता निर्मित करने भुमिका निभायें।

वहीं जिले के पर्यटन स्थलों के व्यापक प्रचार प्रसार करने सहभागी बनें। कलेक्टर श्री सोनी ने वालेंटियर्स द्वारा संवेदना कार्यक्रम के तहत मानसिक स्वास्थ्य, रक्तदान, माहवारी स्वच्छता, नशामुक्ति की दिशा में किये जा रहे सार्थक प्रयासों को सराहा और उन्हे और बेहतर ढंग से अपनी सेवाएं देने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि जो सेवा कर रहे है वह अनमोल है।

# सोनिया गांधी से ईडी ने पूछताछ के विरोध में कांग्रेसियों का गांधी प्रतिमा पर धरना प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

केंद्र में बैठी तानाशाह मोदी सरकार द्वारा अपने विपक्षी, खासकर कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी और सोनिया गांधी को बेवजह अपने पालतू ईडी के माध्यम से निराधार तथ्यों के तहत नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए पर्वतन निदेशालय ईडी कार्यालय बुलवाया जा रहा है। कल भी इसके विरोध में देश भर के कांग्रेसी विरोध करते हुए धरने पर बैठे थे। राहुल गांधी भी धरने पर बैठे थे। उसी प्रकार आज भी कोंग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी को फिर ईडी कार्यालय पर पूछताछ के लिए बुलाया गया है जिसका विरोध देश भर में हो रहा है। और पूरे भारत भर में कांग्रेसी मोदी और ईडी के कार्यालय के सामने धरने



पर बैठकर केंद्र सरकार के तानाशाही रवैये के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मोदी हाय-हाय के नारे लगा रहे हैं।

इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ भी जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला के नेतृत्व में स्थानीय गांधी प्रतिमा पर एकत्रित हुए और जमकर नारेबाजी करते हुए मोदी सरकार को कोसा। वहीं धरना देकर अपना विरोध दर्ज करवा रहे हैं और मोदी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी। जैसे कई नारों से केंद्र सरकार का विरोध कर रहे हैं। इस धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से महापौर जानकी काटजू, जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला, प्रभारी महामंत्री शाखा यादव, दीपक पांडेय, वरिष्ठ कांग्रेसी हरेराम तिवारी, बलबीर शर्मा, नारायण घोरे, ब्लॉक अध्यक्षों मदन महंत.विकास ठेठवार, नरेंद्र जुनेजा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रानी चौहान, रिंकी पांडेय, गणेश घोरे, कामता पटेल, राजेश शुक्ला, सूरज उपाध्याय, राकेश पांडेय, अरविंद साहू, विकास बोहिदार, विक्की सिंघानिया, आरिफ हुसैन, वसीम खान, शैलेश मनहर,वकील अहमद सिद्दीकी, संतोष यादव, रितेश शर्मा, सौरभ अग्रवाल, रवि सांवरिया, रमेश कुमार चौहान, अभिषेक यादव, परशुराम यादव, प्रताप सिंह, कमर खान, संतोष ढीमर, संजय चौहान, ओम मिश्रा, दादू पटेल, रोहित महंत, श्रेयांश शर्मा, सोनू पुरोहित, अजहर हुसैन, यशोदा कश्यप, प्रताप सिंह, घासीदास महंत सहित आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# बाईक पेड़ से टकराई युवक गंभीर रूप से घायल पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया

**फरसगांव।** नेशनल हाइवे 30 से ग्राम पाटला मार्ग पर बाईक पेड़ से टकराई युवक गंभीर रूप से हुआ घायल, घायल युवक राजेश मरकाम पिता आशा राम कांकेर कुलगांव निवासी अपने दोस्त के घर ग्राम पाटला घूमने आया था वापसी के दौरान पाटला से कुछ ही दुरी पर जंगल में युवक की मोटर साईकल क्रमांक छत्त 05 श्व



8974 पेड़ से टकरा गई जिसके चलते युवक घायल हो गया फरसगांव पुलिस को सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल युवक को अस्पताल लाकर ईलाज करवाया ईलाज के दौरान डाक्टर ने बताया की राजेश का जबड़ा टूट गया हैं और चेहरे और पैर में चोट आई हैं प्राथमिक उपचार पश्चात रिफर किया जायेगा फरसगांव पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुये तत्काल युवक को अस्पताल पहुंचाकर ईलाज करवाया ।

## एक नजर

### उज्वल भारत उज्वल भविष्य महोत्सव बिजली महोत्सव का आयोजन

**गरियाबंद** । उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य 2047 योजना अंतर्गत बिजली महोत्सव का आयोजन बुधवार को मंगल भवन में नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल ग़फ़्फ़ ार (ग़फ़्फु 8 मेमन की मुख्यआतिथ्य एवं जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम पीएल सिदार अधीक्षण अभियंता महासमुंद द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान करते हुए सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस दौरान मंच पर उपस्थित अतिथियों के द्वारा उज्वल भारत उज्वल भविष्य 2047 कार्यक्रम को लेकर अपने मनतब्य रखे इस क्रम मे पीएल सिदार अधीक्षण अभियंता महासमुंद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश को प्रगति की राह पर लाना है जिसमें विद्युतीकरण का सबसे महत्वपूर्ण अहम योगदान होता है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न उदाहरण देते हुए बताया कि आज की जीवनशैली में विद्युतीकरण किस प्रकार से प्रभाव डालता है उन्होंने कहा आज हर गांव अपनी तरक्की की कहानी स्वयं बयान करती है आजादी के 67 साल बाद भी काफी ग्रामीण क्षेत्रों में विकास से कोसों दूर थे जहां विद्युतीकरण नहीं पहुंच पाई थी।जिसका मुख्य कारण यह है कि गांव तक पहुंचने की कोई साधन नहीं थी तथा कहीं ऊंचे पहाड़ तो कहीं कच्चे रास्ते थे ऐसे दुर्गम क्षेत्रों में भी अथक प्रयास को किया गया है और आज भारत के हर ग्राम को विद्युतीकरण द्वारा रोशन किया गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी युवक गिरफ्तार

**सूरजपुर** । नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने एवं डेढ़ साल से उसके साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बना देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने बलौदा बाजार जिले के ग्राम नरधा में दबिश देकर पीड़ित युवती को बरामद कर आरोपित प्रहलाद बरिहा को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरिया निवासी एक महिला ने अज्ञात आरोपी द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी। जिस पुलिस अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर उसकी पतासाजी में जुटी थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस टीम ने बलौदा बाजार के ग्राम नरधा में दबिश देकर आरोपित प्रहलाद बरिहा पिता शिव बरिहा 24 वर्ष निवासी पाटन दादर जिला महासमुंद के कब्जे से युवती को बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार किया।

पीड़ित किशोरी पुलिस को बताया कि 5 फरवरी 2021 से विगत 23 जुलाई तक आरोपित ने रायबरेली से अपने घर तक उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया। जिससे वह 4 माह की गर्भवती भी है। पीड़िता के बयान के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित प्रहलाद को धारा 363, 366, 376 (दो)(ढ़) एवं पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में सूरजपुर जेल भेज दिया गया।

### रासायनिक कीटनाशक का सस्ता विकल्प होगा गौमूत्र जैविक कीटनाशक

**कांकेर** । छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साथ ही रासायनिक कीटनाशकों की उपयोगिता कम कर कृषि में उत्पादकता में वृद्धि एवं कृषि की लागत में कमी करने का निरंतर पहल कर रही है। इसी उद्देश्य से राज्य में 28 जुलाई को हरेली के पावन अवसर पर गौमूत्र खरीदी का शुरूआत किया जा रहा है। कांकेर जिले में प्रारंभ गौमूत्र खरीदी विकासखण्ड कांकेर के चिन्हित गौठान पोटगांव तथा विकासखण्ड चारामा के चिन्हित गौठान भिरौद में 04 रूपये प्रति लीटर की दर से गौठान प्रबंधन समिति के माध्यम से क्रय किया जायेगा। इस गौमूत्र से महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा कीटनाशक (ब्रम्हास्त्र) एवं जीवामृत (ग्रोथ प्रमोटर) तैयार किया जायेगा। महिला स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार कीटनाशक को प्रस्तावित दर 50 रूपये प्रति लीटर के हिसाब से कृषकों को विक्रय किया जायेगा, जो उनके आय का एक अतिरिक्त साधन साबित होगा। निश्चित ही जैविक कीटनाशक बाजार में उपलब्ध रासायनिक कीटनाशक का एक अच्छा विकल्प साबित होगा, जिसकी बाजार में मूल्य कम एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है।

### हरेली पर्व के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कांकेर** । कांकेर जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्र में 29 से 31 जुलाई तक "मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना" के माध्यम से हरेली त्यौहार के अवसर पर विशेषकर महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं निःशुल्क दवा वितरण प्रातः 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक आयोजित किया गया है। नगरपालिका परिशद कांकेर में 29 जुलाई को एम.जी. वार्ड कम्युनिटी हॉल के पास निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार नगर पंचायत चारामा में 30 जुलाई को राम सत्ता चौंक, नाकापारा चौंक चारामा, नगर पंचायत नरहरपुर में 31 जुलाई को सुभाश चन्द्र बोस वार्ड दुर्गा चौक में, नगर पंचायत अंतागढ़ में 29 जुलाई को रानी लक्ष्मीबाई वार्ड सेमरापारा में, नगर पंचायत पखांजूर में 30 जुलाई को पुलिस कॉलोनी के पास पखांजूर और नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में 31 जुलाई को वार्ड क्रमांक 03 बाजार चौक भानुप्रतापपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# संस्कृति के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक-रामचंद्र

### विप्र फाउंडेशन ने किया भजन संध्या का शानदार आयोजन



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विप्र समाज की राष्ट्रीय संस्था विप्र फाउंडेशन के जिला रायगढ़ महिला प्रकोष्ठ के द्वारा भगवान शिव भजन संध्या का आयोजन अग्रोहा भवन में किया गया। विप्र फाउंडेशन की संगठन महामंत्री मीना मनोज शर्मा ने बताया कि सावन माह में संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्माए महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ममता पुजारी के निर्देश पर और जिला अध्यक्ष विजय शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू जोशी के सहयोग से स्थानीय अग्रोहा भवन में भगवान शिव भजन संध्या का आयोजन प्रसिद्ध भजन गायिका अनीता शर्मा और उनकी टीम के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन महामंत्री सुनील मस्ता द्वारा एवम् आभार प्रदर्शन मंजू जोशी महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष द्वारा किया गया।

#### अनीता के भजन ने बांधा समां

संगठन महामंत्री मीना शर्मा ने बताया कि भजन संध्या में गायिका अनीता शर्मा के गाए भजनों ने समां बांध दिया था। बाबा भोलेनाथ, श्याम बाबा, माता रानी के भजनों से लोग झूम उठे,जिस कार्यक्रम को 7 बजे तक समाप्त होना था वो लोगों की डिमांड पर 8 बजे से भी अधिक समय तक जारी रहा। प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने कार्यक्रम को गरिमापूर्ण और संस्कृति को बढ़ावा देने वाला बताया। आगे भी ऐसे कार्यक्रम करवाते रहने का वायदा किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विप्र समाज के प्रमुख लोग और सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

# गेरसा व पोटिया गांव में फिर हाथियों ने मचाया उत्पात, फसल,झोपड़ी व बोर को पहुंचाया क्षति

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**धरमजयगढ़ वनमंडल क्षेत्र में हाथियों से फसल,मकान एवं सामग्री की नुकसानी का सिलसिला फिलहाल थमने का नाम नही ले रहा है वहीं क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी में भी लगातार इजाफा देखा जा रहा है जिसे लेकर प्रभावित क्षेत्रवासी भय के साथ चिंता के साये में है।**








इसी सिलसिलेवार में बता दें,बिती रात को फिर एक बार हाथियों से नुकसानी का नजारा गेरसा पोटिया और कोयलार गांव में देखने को मिला है किसानों के क्षतिग्रस्त खेत,मकान,बोर मशीन की तस्वीर यह साफ बयाँ कर रही है की किस कदर क्षेत्र में हाथियों ने उत्पात मचाया है।

धरमजयगढ़ रेंज के गेरसा गांव में किसान भरती राम राठिया,सुरित राम राठिया,घूर सिंह राठिया,की धान फसल को हाथी नुकसान पहुंचाएं है वहीं बताया जा रहा है कोयलार गांव में एक किसान चैतराम राम राठिया की झोपड़ी को हाथी तोड़कर तहस नहस कर दिए हैं साथ ही बता दें,पोटिया गांव के करीब 8 किसानों की लहलहाती धान फसल को हाथी पैरों तले रौंदकर नुकसान पहुंचाए हैं वहीं यह भी बताया जा रहा है की गेरसा के किसान मोहित राम के खेत मे स्थित बोर मशीन को हाथी तोड़ मरोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिए हैं इन हालातों में क्षेत्र के प्रभावित किसान हाथी की मौजूदगी को लेकर बेहद चिंतित नजर आ रहे हैं एक जानकारी के अनुसार अगर बात करें वनमंडल क्षेत्र की तो हाथियों की तादाद में लगातार बढ़ोतरी हो रही है वर्तमान समय मे पूरे क्षेत्र में अलग अलग स्थानों में करीब 60 हाथी विचरण कर रहे हैं।

# शिव मंदिर भगत तालाब में भव्यता से मनाई गई शिवरात्रि

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

सावन महिने के पावन अवसर पर खरसिया में स्थित नगर के प्रसिद्ध शिव मंदिर भगत तालाब में शिवरात्रि का पर्व शिव परिवार द्वारा बड़े ही धूमधाम एवं भव्यवतापूर्वक मनाया गया।






इस दौरान शिव परिवार द्वारा शिवरात्रि के पावन पर्व पर देवो के देव भगवान महादेव का विशेष रूप से श्रृंगार किया गया। शाम को भजन संध्या के पश्चात् भगवान भोलेनाथ की महाआरती की गयी तथा भक्तों का प्रसाद का वितरण किया गया। विदित हो कि श्रावण मास भगवान शिव को अत्यधिक प्रिय है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी खरसिया के विभिन्न शिव मंदिरों में सावन शिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में भगवान भोले शंकर के भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई। इसी कड़ी में खरसिया के प्रसिद्ध भगत तालाब जो कि अपनी रंगीन मछलियों की वजह से पूरे छत्तीसगढ में मछली तालाब के नाम से प्रसिद्ध है वहां स्थित शिव मंदिर में शिव परिवार द्वारा सावन मास के शिवरात्रि के अवसर पर पूरे मंदिर को विशेष तौर पर फुलों एवं रंगीन झालरों से सजाया गया था। शिवरात्रि के पावन आवसर पर शिव मंदिर भगत तालाब में भगवान शिव के भक्तों का दिन भर तांता लगा रहा। वहीं शिव परिवार द्वारा शिव मंदिर में शिवरात्री का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाते हुए भोले भंडारी का विषेश रूप से श्रृगांर किया गया। शिव मंदिर भगत तालाब में रात्रि 7 बजे से बाबा के भक्तों द्वारा भोले शंकर एवं माँ पार्वती के भजनों से बाबा को भाव विभोर किया गया। इस दौरान बाबा भोलेनाथ के भक्त बाबा के भजनों पर मस्ती के साथ थिरकते दिखे वहीं रात्रि में शिव परिवार द्वारा डिवॉन के देव महादेव की आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान शिवमण्डल के विजय अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, दिनदयाल अग्रवाल, मुन्ना अग्रवाल, नारायण चक्रधारी, मुकेश अग्रवाल, विकास कबुलपुरिया, विनोद अग्रवाल, कन्हैया राठौर, शेरू शर्मा, राधे अग्रवाल, आकाश शर्मा, महिला मण्डल की शकुन्तला देवी अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, आशा अग्रवाल, नंदिनी गोयल सहित नगर के अन्य शिवभक्त उपस्थित थे।

## एक नजर

### कृषि मंत्री चौबे ने दी हरेली तिहार की बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास कृषि एवं जैव प्रोद्योगिकी, पशुपालन, मछली पालन, जल संसाधन एवं आयाकट मंत्री रविन्द्र चौबे ने28 जुलाई को मनाये जा रहे छ.ग. के पारंपरिक पर्व हरेली तिहार के अवसर पर आम नागरिकों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है। हरियाली अमावस्या को मनाया जाने वाला हरेली त्यौहार का छत्तीसगढ़ के जनजीवन में व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। इस दिन किसान नांगर (हल) एवं कृषि औजार की पूजा करते है, जो हमारे कृषि प्रधान



संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो हरेली पर्व का महत्व धरती को हरा-भरा बनाये रखने के लिए पेड़-पौधे की महत्ता को भी प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने नागरिकों एवं किसानों की खुशहाली की कामना की है। केबिनेट मंत्री चौबे ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा एक वर्ष पूर्व 20 जुलाई 2020 से गोधन न्याय योजना के तहत हरेली तिहार के दिन से गोबर खरीदी कार्य की शुरुआत की की गई थी। इससे ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत हो रही है। इस योजना से गौ पालक एवं महिला स्व-सहायता समूह को स्वावलंबी बनाया जा रहा है। केबिनेट मंत्री ने कहा है कि इस वर्ष हरेली तिहार के दिन प्रदेश सरकार द्वारा 4 रु प्रति लीटर की दर से गो मत्र की ख़रीदी अभियान की शुरुआत करने जा रही है । इससे पशुधन संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा साथ ही जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा।

### अलका पटेल ने दसवीं कक्षा में प्राप्त किया 98.4 प्रतिशत अंक

ओ पी जिंदल स्कूल में प्राप्त किया प्रथम स्थान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

ग्रामीण परिवेश में रहकर भी अगर लगन और मेहनत से कोई काम करे तो हर बुलंदियों को छू सकता है। यही कारनामा कर दिखाया है हाटी गांव के रविकुमार पटेल माता गोमती पटेल की पुत्री अलका पटेल ने। अलका पटेल एक ग्रामीण परिवेश में पली बढ़ी है। जिसने ओ पी जिंदल स्कूल सावित्री नगर तमनार में अध्ययन करते हुए सीबी एस ई की कक्षा दसवी की परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंको के साथ कक्षा में अव्वल स्थान प्राप्त कर



स्कूल व् अपने ग्राम का नाम रोशन किया है। अलका पटेल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल के प्राचार्य ,गुरुजनो और अपने परिवार के दादी,नाना नानी पापा-मम्मी चाचा-चाची, मामा मामी को दिया।और कहा कि कड़ी मेहनत और दृढ़ विश्वास से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वह प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है। यंहा बताना उचित होगा की अपनी पढ़ाई अपने नाना के यहाँ बांधापाली(पाता) तमनार रहकर करती है।

# आरोपी की प्रताड़ना से पत्नी फांसी लगाकर की थी आत्महत्या, लैलूंगा पुलिस ने पति को भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



रायगढ़ जिले के पुलिस थाना लैलूंगा में मर्ग क्रमांक 4/2022 धारा 174 जा.फौ. की जांच पर मृतिका कुमारी भुंईहर 32 साल को उसके पति राजकुमार भुंईहर द्वारा प्रताडित करने व हमेशा झगड़ा विवाद तथा मारपीट कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में आरोपित मृतिका के पति राजकुमार भुंईहर पर आत्महत्या के लिये उत्प्रेरित करने का अपराध पंजीबद्ध किया गया था । उपरोक्त मामले में फरार आरोपी राजकुमार भुंईहर को गाँव आने जाने की सूचना पर 26 जुलाई 2022 कि रात्रि लैलूंगा पुलिस द्वारा दबिश देकर गिरफ्तार किया गया । जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर जे.एम.एफ.सी. घरघोड़ा न्यायालय द्वारा जेल वारण्ट के तहत जिला जेल रायगढ़ भेजा गया ।

# कांग्रेस पदाधिकारियों चुनाव हेतु कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

बीआरओ जितेंद्र गुप्ता ने टटोली कांग्रेसियों की नब्ज, लिफाफा में बंद हुआ लोगों का फार्म

जोहार छत्तीसगढ़-उदयपुर।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन चुनाव 2022 - 2027 हेतु ब्लॉक निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता का मंगलवार को स्थानीय विश्राम गृह उदयपुर में आगमन हुआ । उन्होंने कांग्रेस के सभी सदस्यों से मुलाकात कर प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार संगठन निर्वाचन के सम्बंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि पोलिंग बूथ स्तर के कार्यकर्ता और पदाधिकारी संगठन की जान है और यही से प्रकिया प्रारम्भ होती है, जहां से समस्त पोलिंग बूथ में एक अध्यक्ष और एक ब्लाक प्रतिनिधि का निर्वाचन होगा, ब्लॉक प्रतिनिधि द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष व पदाधिकारी का निर्वाचन किया जाएगा साथ ही साथ जिला प्रतिनिधि की भी निर्वाचन करेंगे। इस प्रक्रिया मे बूथ कमेटी ब्लॉक कमेटी व जिला व प्रदेश प्रतिनिधि की नियुक्ति किया जाना है यह जानकारी दे कर बीआरओ ने सभी से चर्चा की तथा कार्यकर्ताओं की बात सुनी।

कार्यक्रम में ब्लाक अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सम्भालते हुए मुझे बहुत दिन हो गए इतने दिन पार्टी में अध्यक्ष के रूप में काम करने पर जो भी कमियां रही होंगी उसके लिए क्षमा कीजिएगा। मैने पार्टी में सामंजस्य बना कर काम करने की कोशिश की उम्मीद करता हूँ भविष्य में जो भी अध्यक्ष बनेंगे वह आपसी ताल मेल बना कर पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे ।

बूथ प्रतिनिधि एवं अध्यक्ष का नामांकन फार्म 152 कार्यकर्ताओं द्वारा भरा गया।

ब्लॉक अध्यक्ष और पदाधिकारियों का फार्म भी लिफाफा में बंद हुआ है । इस बार लोगों को नए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिलने की उम्मीद है।

कार्यक्रम में जिले से बृजेश मिश्रा, दया सागर सिंह, ब्लाक से राजनाथसिंह ,शेखर सिंह देव , सुमिरन सिंह राम सिंह रोहित सिंह टेकाम द्वारिका यादव बबन रवि विभा सिंह ओम प्रकाश सिंह , भोला सोनी संतोष गुप्ता एवं समस्त पोलिंग से पोलिंग अध्यक्ष व प्रतिनिधि व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भालू के हमले से घायल हुआ ग्रामीण इलाज जारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ फॉरेस्ट डिवीज़न अंतर्गत छाल वन परिक्षेत्र के बोजिया इलाके के डंग बोरा पतरा जंगल में भालू के हमले से एक ग्रामीण के घायल होने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस घटना में बोजिया निवासी परदेशी नामक ग्रामीण को मामूली चोटें आई हैं। वहीं वन विभाग की ओर से इस मामले में पीड़ित को 1000 रुपये की तत्काल सहायता



राशि प्रदान की गई है। इस इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर के करीब एक बजे बोजिया निवासी परदेसी पर भालू ने उस वक्त हमला कर दिया जब वह जंगल की ओर पुटू बीनने गया हुआ था। बताया जा रहा है कि मादा भालू के साथ दो शावक भी थे। जिसके कारण शायद भालू आक्रामक हो गया। वहीं इस घटना में पीड़ित को मामूली चोटें आई हैं। परदेसी के हवाले से विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वह मादा भालू थी और उसके साथ दो शावक भी शामिल थे। वहीं इस मामले में संबंधित फारेस्ट गार्ड ने फोन पर बताया कि हड़ताल के कारण वे फील्ड में नहीं है। इसलिए उनके पास ज्यादा जानकारी नहीं है।

# सत्यनारायण शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर पंचायती धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर पत्थलगांव पंचायती धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस श्रद्धांजलि सभा का संचालन वर्तमान ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष हरगोविंद अग्रवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर जिप सदस्य आरती सिंह ने कहा कि स्व शर्मा के व्यक्तित्व के आगे श्रद्धांजलि का



कोई भी शब्द काफी कम होगा। वे पार्टी के सच्चे, अभिभावक और धरोहर थे। इस मौके पर शेखर त्रिपाठी, रविंद्र भाटिया, प्रितपाल भाटिया, त्रिलोचन भाटिया, अशोक अगरवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, कुलविंदर भाटिया, मनोज तिवारी,गणेश शर्मा,बसन्त शर्मा,वेदप्रकाश मिश्रा, सुरेश अग्रवाल,विजेंदर शर्मा,रामचरण अग्रवाल,गुरुदयाल भाटिया, नत्थू शर्मा,नप अध्यक्ष उर्वशी सिंह, रत्ना पैंकरा,बीडीसी अनिता खाखा, आनन्द नाग,अशोक श्रीवास्तव, शरण भाटिया, जनार्दन पंकज, कुन्तराज बाखला,शैलेश शर्मा,संजय शर्मा,रोषू फोटवानी समेत भारी संख्या में नागरिकगण एवं ग्रामीण मौजूद थे। श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ो लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। सभा के पश्चात सभी लोग पत्थलगांव सिविल अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरण कर मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेकर उचित स्वास्थ्य लाभ दवा एवं चिकित्सक उपलब्ध कराने की व्यवस्था की।

# अग्रसेन स्वर्ण जयंती में चार चांद लगाने के जिम्मेदारी मिली, प्रवीण गर्ग और मधुसुधन गोयल को

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

*व्यापार जगत के लिए एक नामचीन कस्बा है जो दो शहर और एक नगर जशपुर, अंबिकापुर रायगढ़ के बीचोबीच मध्य स्थित है। या यूं कहे तो गलत नहीं होगा की तीनों नगर के बीचोबीच में सर के ताज के तरह चमकने बसने वाला ये गांव पत्थलगांव है।*





जिसमें बसर करने वाले लगभग 400 अग्रवाल परिवार व्यापार के लिए पारंगत जाने जाते हैं। जिन्होंने अपने नाम काम के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में संवेदनशील होकर व्यापारिक प्रतिष्ठान को ऊंचाई तक पहुंचाने लगन को लोहा मनवाने के लिए जाने जाते हैं। जितनी शिद्दत से वे अपने काम में ध्यान लगाते हैं उतनी ही, शिद्दत से वे समय.समय में अपने समाज के आन बान शान के लिए पुरा समय निकालते नजर आते हैं। यही खूबी समाज को ऊंचाई तक ले जाने में सहायक साबित हैं। अग्रसेन जयंती के समय तकरीबन 10 से 15 दिन पूरी तरह अग्रसेन भवन में पहुंचकर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर अग्रसेन जयंती की शोभा बढ़ाते हैं। वहीं अग्रसेन जयंती पिछले 49 साल से धूमधाम से मनाते हुए 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती धूमधाम तरीके से मानने के तैयारियां जोरों से शुरू हो गया है। बताया जा रहा है की स्वर्ण जयंती भव्यता के साथ मनाया जाने के लिए पिछले दिनों अग्रवाल सभा रखी गई। जिसमें नवयुवक समिति के अध्यक्ष का चुनाव के लिए मंगलवार को अग्रसेन भवन में समाज की बैठक रखी गई थी जिसमें कहा गया कि इस वर्ष स्वर्ण जयंती वर्ष होने के कारण अध्यक्ष अनुभवी होना चाहिए जिसके लिए निर्विरोध रूप से प्रवीण गर्ग को अध्यक्ष एवं मधुसूदन गोयल को सचिव बनाया गया नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने कहा कि स्वर्ण जयंती महोत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया जाएगा समाज के हर वर्ग में उत्साह एवं जोश है मुझे समाज ने जो जवाबदारी दी है मैं उसे पूरी मेहनत लगन और निष्ठा से निर्वहन करने की पूरी कोशिश करूंगाए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न तरह के आयोजन धूमधाम से किया जाएगा साथ ही यह प्रयास किया जाएगा कि इसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता रहे सचिव मधुसूदन गोयल ने कहां कि पूरी कोशिश रहेगी कि लोग कई वर्षों तक इस स्वर्ण जयंती को याद रखें इतना भव्य बनाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। एवं पिछले कई वर्षों से जिन युवाओं ने जयंती मनाने में अपना योगदान दिया है सभी की सेवाएं ली जाएंगी।

# महिला कांग्रेस ने फूंका प्रधानमंत्री का पुतला

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की कठपुतली संस्था ईडी द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को परेशान एवं बदनाम किए जाने की कोशिश जारी है। पूर्व में सांसद राहुल गांधी को घंटो परेशान किया गया। अब कांग्रेस की सम्मानित राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया को ईडी कार्यालय बुलाकर परेशान किया जा रहा है।

इसके विरोध में सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में शांति पूर्ण प्रदर्शन किया जा रहा है। जिस पर सरकार की तानाशाही एवं दमनकारी नीति ने राहुल गांधी को हिरासत में ले लिया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान राहुल जी सड़क पर धरने में बैठ गए। उक्त प्रदर्शन पर दमनकारी नीतियां तानाशाही की घोर निन्दा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री डिसूजा छत्तीसगढ़ प्रभारी सेहरावत एवं फू लो नेताम सांसद व प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं व पदाधिकारियों को विरोध प्रदर्शन तथा प्रधानमंत्री का पुतला दहन का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में आज रायगढ़ जिला महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रानी चौहान के नेतृत्व में स्थानीय स्टेशन चौक में महिला कांग्रेसियों और जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ शहर के साथ केंद्र सरकार को जमकर नारेबाजी के माध्यम से कोसा और प्रधानमंत्री का पुतला जलाया। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रानी चौहान, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय देवांगन, अरुणा चौहान, रमेश भगत, विकास बोहिदार, विकास ठेठवार, वारसुन, रिंकी पाण्डेय, यशोदा कश्यप, सुनीता मिंज, सजुक्ता सिंह, सत्यभामा, नीतू बेगम, राधा साहू, केवरा बाई, उर्मिला भगत, विकासलता भगत, आशीष केशरी सहित और कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in